जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

अजमेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

अजमेर, शुक्रवार 20 जून, 2025

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

11वां अंतर्राष्ट्रीय

# योग दिवस

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

21 जून, 2025

## राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री भजनलाल शर्मा**

माननीय मुख्यमंत्री

प्रात: 6:00 बजे | खुहड़ी सैंड ड्युन्स, जैसलमेर

प्रत्येक जिला, ब्लॉक व ग्राम पंचायत मुख्यालयों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों इत्यादि पर आयोजित कार्यक्रमों में योग गुरुओं द्वारा योगाभ्यास करवाया जाएगा

राजस्थान संवाद

**अपने निकटतम योग स्थल पर उपस्थित रहकर करें योग- रहें निरोग**



आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

तुम ये कभी मत सोचो कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना तो सबसे बड़ा अधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य लोग निर्बल हैं। –स्वामी विवेकानंद

# जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) का मुकाबला हम शाकाहारी बनकर भी कर सकते हैं

गत सोमवार दिनांक 16.6.2025 से यू.एन. जून क्लाइमेट मीटिंग्स Subsidairy Bodies (SB 62) का अधिवेशन अन्तर्राष्ट्रीय सेन्टर Bonn (WCCB) बॉन (जर्मनी) में प्रारम्भ हुआ है। यह अधिवेशन दिनांक 16 से 26 जून, 2025 तक चलेगा। इसमें लगभग पांच हजार डेलीगेट्स भाग ले रहे हैं। इसका प्रारम्भ यू.एन. क्लाइमेट चेन्ज के सेक्रेटरी जनरल श्री साइमन स्टिल के सम्बोधन से हुआ।

कॉप-29 की मीटिंग बाकू अज़रबैजान में हुई थी और अब कॉप-30 का अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन नवम्बर 2025 में बेलम ब्राजील में होने जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन (ग्लोबल वार्मिंग) की विभीषिका से लडने के लिये एक अन्तर्राष्ट्रीय संधि को जन्म दिया था, जिसे पेरिस एग्रीमेण्ट 2016 के नाम से पुकारा जाता है। इसके द्वारा कई सदस्य देशों ने अपने वायदों की घोषणा की थी कि वे जलवायु परिवर्तन के कारण प्रदूषण को कम करने के हेतु कदम उठायेंगे ताकि संसार का तापमान जो औद्योगिकीकरण के समय यानी 1990 के स्तर पर था, के स्तर में कोई कमी न हो। यदि वह 4.5 डिग्री से. तक बढ़ता है तो वह संसार के समाप्त होने की घटना बन सकता है। यदि कार्बन उत्सर्जन 2.0 डिग्री से. से अधिक भी हो गये तो वह संसार की 1/3 आबादी को निगल जावेगा।

सन 2015-2016 का काल ऐतिहासिक वर्ष माना जाता है। इसमें क्योटा प्रोटोकॉल का स्थान पेरिस एग्रीमेण्ट ने लिया था। 121 देशों ने अपनी घोषणा की थी। पेरिस एग्रीमेण्ट का जन्म भारत ने अथक परिश्रम के कारण ही संभव हो सका था। लेखक का सौभाग्य रहा कि वह भारत के सोशल ग्रुप (एनजीओ) सिकोयडिकोन, पैरवी के डेलीगेशन के रूप में वे पेरिस एग्रीमेण्ट को जन्म लेने की घटना का साक्षी रहा है। हस्ताक्षरकर्त्ता देशों ने जो वायदे किये थे वे स्वैच्छिक थे।

वस्तुत: जो एग्रीमेण्ट हुआ है वह 2020 से प्रभावी हुआ है। किन्तु कार्बन उत्सर्जन में कमी कैसे आयेगी इस पर विचार होता रहेगा। Natiionally Determined Contribution कैसे निर्धारित होगा। हस्ताक्षरकर्त्ता देश क्या सचमुच ऐसा कर सकेंगे जिससे बढ़ते हुये तापमान में कमी हो और क्या उनके ये कदम निर्धारित लक्ष्य तक पहुँचने में सहयोग होंगे। ऐसे कई प्रश्न अन्य कई विवादित ढेले पर जून अधिवेशन में वार्ता होगी, विचार होगा और जो निर्णय लेंगे उन्हें ब्राजील अधिवेशन में प्रस्तावों के रूप में पारित कर उनका Adaptation किया जावेगा ताकि वे पेरिस एग्रीमेण्ट का अभिन्न अंग बन सके।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण कई तूफान आये हैं, कहीं बाढ़ें आई हैं तो कहीं सूखा पड़ा है, ग्लेशियल पिघल रहे हैं, नदियां सिकुड रही हैं, नई नई बीमारियां फैल रही हैं, समुद्र की सतह बढ़ रही है। जैविक विविधता विनाश की ओर जा रही है। जंगल सिमट रहे हैं और रेगिस्तान बढ़ रहे हैं। धरती का तापमान निर्धारित स्तर से 1.5 डिग्री से. से आगे बढ़ता जा रहा है। 2.0 डिग्री से. तापमान बढ़ने से समुद्र में मिथेन का रिसाव प्रारम्भ होगा और धरती स्वयं गर्मी पाकर जलेगी।

आज की परिस्थितियों पर विचार करें तो पायेंगे जलवायु परिवर्तन में सुधार नहीं है अपितु स्थिति और भी अधिक भयंकर हो रही है। कोरोना के भूत ने एक नये रूप में जन्म लिया, बीजों की उपयोगिता खत्म हो रही है, नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, प्रलय जैसी बाढ़ आ रही है। मानव ही नहीं अपितु प्राणियों का जीवन भी संकट में है। पहाड़ जो बर्फ से आच्छादित थे, वहां बर्फ देखने को नहीं है। गर्मी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। धरती पर सांस लेना भी दूभर हो रहा है। यूक्रेन रूस व इजरायल ईरान के युद्ध में CO2 (कार्बनडाईऑक्साइड) का विसर्जन हो रहा है, वह भयंकर संकट को जन्म देने वाला है। धरती सम्भवत: मानव के रहने योग्य नहीं रहेगी।

**यदि समस्त विश्व 8 दिन के लिये भी मांस खाना बंद कर दे तो पर्यावरण सुधर जावेगा। 50 प्रतिशत वैश्विक तापमान के लिये पशु सम्पदा उत्तरदायी है इससे 32,564 मिलियन टन कार्बनडाईऑक्साइड पैदा होती है। पशु उद्योग इतनी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करते हैं जितनी तो संसार के समस्त वाहन, कार, मोटर साईकिलें, ट्रेन, हवाई जहाज आदि भी नहीं करते हैं। मेनका गांधी का समर्थन करते हुये कई विशेषज्ञों ने कहा कि मांस के भोजन के कारण जंगल बर्बाद हो रहे हैं, पानी दूषित हो रहा है और बीमारियां बढ़ रहीं हैं।**

उपरोक्त परिस्थितियों में तापमान को 2.0 डिग्री से. से अधिक बढ़ने को रोकने का संकल्प पूरा होना सम्भव नहीं है और 1.5 डिग्री से. तक रोकने की सोचना सपना हो चुका है। हम इस प्राकर केवल पेरिस एग्रीमेण्ट तक ही ग्लोबल वार्मिंग को रोकने पर निर्भर नहीं रह सकते। हमें विकल्प की तलाश करनी होगी। 80 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के लिये विकसित देश ही उत्तरदायी हैं। पेरिस एग्रीमेण्ट तक हमारा कार्बन उत्सर्जन 50 जीटी CO2 हो चुका था। उसी को कम करने की कई हस्ताक्षरकर्ता देशों ने घोषणायें की थीं; किन्तु हमारी प्रगति नगण्य है। हमने अभी वैकल्पिक बिजली के उत्पादन की क्षमता बढ़ाने पर भी अधिक जोर दिया है।

विश्व के दो व्यक्तियों ने बीड़ा उठाया है कि "शाकाहारी बनो और विश्व को बचाओ"। एक हैं जॉन रोबिन्स, जिन्होंने बहुचर्चित पुस्तक **The Food Revolution: How Your Diet Can Help Save Your Life and Our World " लिखी है और दूसरी है दी सुप्रीम मास्टर efÛebieneF& keâer Hegmlekeâ **From Crisis to Peace: The Organic Vegan Way Is The Answer** दोनों लेखकों ने अकाटय प्रमाणों से स्पष्ट किया है कि शाकाहारी बनकर धरती को विनाश से बचाया जा सकता है। चिंगहाई का मत है खाने के लिये पशुओं को मारना, केवल बहुमूल्य पानी का अपव्यय ही नहीं है, इससे ऊर्जा व जमीन की बर्बादी भी हो रही है। यह प्रक्रिया 51 प्रतिशत ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की जननी है। सुप्रीम मास्टर ने नारा दिया है, मांस जनित पदार्थ खाना बंद करो और शाकाहारी बनो और धरती को वैश्विक ताप से बचाओ। उन्होंने अपील की है कि पशुओं के मांस को अपनी जीवन चर्चा से मुक्त करो। उनका मानना है कि यदि समस्त विश्व 8 दिन के लिये भी मांस खाना बंद कर दे तो पर्यावरण सुधर जावेगा। 50 प्रतिशत वैश्विक तापमान के लिये पशु सम्पदा उत्तरदायी है इससे 32,564 मिलियन टन कार्बनडाईऑक्साइड पैदा होती है। पशु उद्योग इतनी ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करते हैं जितनी तो संसार के समस्त वाहन, कार, मोटर साईकिलें, ट्रेन, हवाई जहाज आदि भी नहीं करते हैं। मेनका गांधी का समर्थन करते हुये कई विशेषज्ञों ने कहा कि मांस के भोजन के कारण जंगल बर्बाद हो रहे हैं, पानी दूषित हो रहा है और बीमारियां बढ़ रहीं हैं।

जॉन रोबिन्स ने अपनी उक्त पुस्तक में लिखा है कि एक पोण्ड गेहूँ के उत्पादन में जहाँ 25 गेलन पानी खर्च होता है वहाँ एक पोण्ड मांस के उत्पादन में 2500 गेलन पानी खर्च होता है। मांस पकाने में शाकाहारी की अपेक्षा 10 गुना ईंधन चाहिये। 2.5 एकड भूमि में खेती कर गोभी, आलू, चावल, मक्का पैदा कर क्रमश: 23, 22, 19 व 17 व्यक्तियों को फूड एनर्जी दे सकते हैं और बीफ से केवल एक व्यक्ति को एनर्जी मिलती है।

संविधान ने अनुच्छेद 51क में मूल कर्त्तव्य दिये हैं उसमें निर्देश है कि नागरिक वन, झील, नदी और वन्य जीवों की रक्षा करेंगे और उनका संवर्धन तथा प्राणी मात्र के प्रति करूणा भाव रखेंगे तथा हिंसा से दूर रहेंगे। अनुच्छेद 48 व 48क में स्पष्ट किया कि राज्य वन्य जीवों की रक्षा करेगा। गौ वध को निषेध किया है। देश में वाइल्ड लाईफ (प्रोटेक्शन) एक्ट 1972 के माध्यम से जंगली जानवर को अभयदान दिया। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व पशु कत्ल कारखानों रूल्स में पशु के प्रति क्रूरता न करने के निर्देश दिये गये हैं। संविधान में जो करूणा भाव मूल कर्त्तव्यों में निर्देशित किये हैं वह पशुवध के औचित्य को स्वीकार नहीं करता। प्राणी में मानव के अतिरिक्त पशु-पक्षी भी आते हैं।

संविधान के अतिरिक्त, यदि हम अन्य धर्मों की पवित्र पुस्तकों में भी पढ़े तो आपको जानकारी मिलेगी कि धार्मिक पुस्तक हादिस में मोहम्मद साहब ने कहा है सभी प्राणियों के प्रति दया भाव रखो। कुरान शरीफ में कहा है, जानवरों को अकारण मत मारो।

प्राणी मात्र के प्रति करूणा भाव सचमुच मानवीय चेतना की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। बान्धवा: प्राणिन: सर्वे का ब्रह्मनाद ही भारत की श्रेष्ठता का प्रधान रहस्य है। देश के कानूनों में पशुओं के प्रति क्रूरता का व्यवहार कानूनी अपराध है। पशुओं को भी जीने का अधिकार प्राप्त है।

यह सही है संसार की बडी आबादी मांस सेवन करती है, किन्तु मांस खाने वाले व्यक्ति कई बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं और शाकाहारी होना इसकी अपेक्षा उचित माना जा रहा है और समय की पुकार है। अत: यूरोप के कई देश धीरे-2 शाकाहारी हो रहे हैं। अमेरिका व अन्य देशों में भी कई मांसाहारी लोग स्वेच्छा से शाकाहारी हो रहे हैं। मांस खाना निजता का अधिकार हो सकता है; किन्तु मानव हित में स्वेच्छा से शाकाहारी बनना, वर्तमान समय की आवश्यकता है।

इस लेख का अभिप्राय केवल इतना ही है कि आज मानव व धरती माँ को कार्बन उत्सर्जन के खतरे से बचाने का यही एक मात्र सही मार्ग है कि संसार के लोग शाकाहारी हों।

पर्यावरण को लेकर जो भयावह परिस्थिति विश्व में है वह मानव सभ्यता के लिये एक चुनौती बन चुकी है, इसका समाधान तो ढूँढना ही होगा। धरती माँ को बचाना होगा।

शाकाहारी बनो - धरती माँ को बचाओ!

**-अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# पक्षी प्रेमियों व प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है "बंध बारैठा"



**संतोष कुमार मीणा**



भजनलाल सरकार भरतपुर जिले को ईको टूरिज्म एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में सुदृढ़ करने के लिए संकल्पबद्ध है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान इस उद्देश्य को प्राप्त करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। बंध बारैठा भरतपुर का सबसे बड़ा और प्रमुख बांध है, जो न केवल एक महत्वपूर्ण जलस्त्रोत के रूप में जाना जाता है, बल्कि एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी इसकी विशेष पहचान रखता है। यह बयाना तहसील में भरतपुर शहर से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। वर्ष 1866 में भरतपुर के शासक जसवंत सिंह ने काकुंड नदी पर इस बांध का निर्माण शुरू किया, जो 1897 में राम सिंह के शासन में पूरा हुआ। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थल पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। हरे-भरे जंगलों, शांत जलराशि और विविध प्रजातियों के पक्षियों की उपस्थिति इसे जैव विविधता की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाती है, खासकर पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए यह स्थान एक आदर्श पर्यटन स्थल है। यह क्षेत्र भरतपुर के प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के नजदीक होने के कारण भी पर्यटकों का ध्यान खींचता है।

यह बांध भरतपुर जिले के साथ-साथ आसपास के कई क्षेत्रों की जल आवश्यकताओं को पूरा करता है। पीने के पानी की आपूर्ति हो या खेतों की सिंचाई, बंध बारैठा इस क्षेत्र की जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है, किसानों के लिए यह एक वरदान साबित हुआ है। इसकी मदद से सिंचाई की सुविधा बेहतर हुई है और कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है। इस बांध का निर्माण ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसका निर्माण तत्कालीन भरतपुर रियासत के शासकों द्वारा कराया गया था जिससे उस समय के प्रशासन की दूरदर्शिता और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का पता चलता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जल स्त्रोतों की सुदृढीकरण की दिशा में निरंतर सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा 2025-26 में भरतपुर के सबसे बडे बांध बंध बारैठा की जल भराव क्षमता बढ़ाने के लिए 2 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। यह राशि ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट एसीपी के तहत स्वीकृत की गई। इस प्रक्रिया के तहत पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना से अतिरिक्त पानी को ईआरसीपी तक लाया जाएगा जिससे शेष जल बंध बारैठा में संग्रहित किया जा सकेगा। इस परियोजना से न केवल जल संरक्षण को बढावा मिलेगा, साथ ही बंध बारैठा बांध की क्षमता बढ़ने से केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के वेटलैंड क्षेत्र में विस्तार होगा और हजारों देशी-विदेशी पक्षियों के साथ-साथ किसानों को सीधे लाभ मिल सकेगा। इससे जिले की पेयजल समस्या में भी राहत मिलेगी। इस बांध के लिए बजट घोषणा 2024-25 में डूंगरी बांध से बंध बारैठा होते हुए सुजान गंगा भरतपुर लिंक करने का प्रावधान किया गया। इस हेतु 2371 करोड़ रूपए की डीपीआर तैयार की गई है।

डीग-कुम्हेर-भरतपुर में सांवई-खेड़ा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक 6 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से पानी लिफ्ट करने का कार्य करवाया जायेगा।

बंध बारेठा बांध पर वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू करने तथा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। यहां प्राकृतिक रूप से सुरम्य वातावरण के साथ वर्षभर पानी की उपलब्धता आने वाले समय में पर्यटन गतिविधियों के लिए अनुकूल मानी जा रही है। रियासतकालीन यह बांध तीन तरफ से पहाड़ियों से घिरा हुआ है। जैव विविधता यहां वर्षभर देखी जा सकती है। यहां पर देशी-विदेशी पर्यटकों का आगमन बना रहता है। यहां पर राज्य सरकार द्वारा पर्यटकों को आधारभूत सुविधाओं का विकास करने के साथ इको टूरिज्म के लिए बजट-2024-25 में प्रावधान किया गया है जो बंध बारैठा के सुनहरे भविष्य की ओर इंगित करता है। इससे स्थानीय नागरिकों को भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बंध बारैठा की पहचान बनेगी।

आज के समय में जब जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुका है, ऐसे में बंध बारैठा जैसे जलस्त्रोतों का संरक्षण और सुनियोजित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह केवल एक जलाशय नहीं है, बल्कि भरतपुर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहर का प्रतीक भी है, इसकी देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इससे लाभान्वित हो सकें और इसकी सुंदरता व उपयोगिता बनी रहे। बांध में है 1860 एमसीएफटी पानी, सालभर भरा रहता है :-बारैठा बांध की भराव क्षमता 29 फीट और 1860 एमसीएफटी है। यहां पूरे साल पानी भरा रहता है। पर्यटक सीजन अक्टूबर से फरवरी तक भी इसमें करीब 1200 एमसीएफटी पानी की उपलब्धता रहती है। इसलिए यहां एडवेंचर वाटर स्पोर्ट्स में एक्टिविटी पर्यटन स्थल के रूप में की पूरी संभावना है। इसके साथ ही रियासतकालीन महल और मानसून सीजन में यहां के झरने भी सैलानियों को आकर्षित करते हैं।

**संतोष कुमार मीणा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, भरतपुर।**

# बीकानेर संभाग में 20 से 23 जून तक बारिश का अलर्ट जारी

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश में मानसून प्रवेश कर चुका है, ऐसे में बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान के जिलों में भी इसका बेसब्री के साथ इंतजार हो रहा है। तेज तापमान में गिरावट के बाद बारिश की उम्मीद की जा रही है, क्योंकि बादलों की आवाजाही हर रोज की तरह बनी हुई है।

मौसम विभाग की मानें तो सप्ताहभर तक बारिश की संभावना है। इसमें बीकानेर व जोधपुर संभाग में बारिश हो सकती है। वहीं शुक्रवार से इसकी प्रबल संभावना है। 20 जून से 23 जून तक बीकानेर में लगातार बारिश की प्रबल संभावना जताई गई है। हालांकि 24 व 25 जून को भी उम्मीद की जा रही है।

- **जून के अंतिम सप्ताह में मानसून बीकानेर तक पहुंच जाएगा**

ऐसे में 19 जून से 25 जून तक लगातार बारिश बीकानेर संभाग में हो सकती है। मौसम विभाग ने 19 से 25 जून तक बीकानेर संभाग में बारिश का पूर्वानुमान दिया है। इसमें श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू में बारिश की उम्मीद जताई गई है। वहीं 22 जून को बीकानेर जिले में भी बारिश की उम्मीद है। इसके बाद कुछ दिन तक बारिश का सिलसिला बीकानेर में भी जारी रह सकता है। मौसम विभाग की मानें तो जून के अंतिम सप्ताह में मानसून बीकानेर तक पहुंच जाएगा, इससे पहले 22 जून को मानसून की बारिश हो सकती है। रुक-रुक कर और कुछ क्षेत्रों में बारिश का दौर आगे भी जारी रह सकता है।

# यूपीआई का बढ़ता दायरा: क्या भारत वास्तव में एक कैशलेस इकोनॉमी बन पाएगा?



**राम शर्मा**

भारत में डिजिटल भुगतान प्रणाली ने पिछले एक दशक में अभूतपूर्व क्रांति ला दी है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इस डिजिटल भुगतान क्रांति का प्रमुख स्तंभ बनकर उभरा है। छोटे स्ट्रीट वेंडर्स से लेकर बड़े कॉरपोरेट्स तक, यूपीआई ने लेनदेन को अत्यंत सरल, तीव्र और सुरक्षित बना दिया है। निस्संदेह, यूपीआई के माध्यम से होने वाले ट्रांजेक्शन्स की बढ़ती संख्या ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की है, लेकिन एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि क्या भारत वास्तव में निकट भविष्य में पूर्णत: कैशलेस इकोनॉमी बन पाएगा? इस दिशा में कई चुनौतियाँ हैं, जिनका सामना करना आवश्यक है।

**यूपीआई : भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति का आधार**

यूपीआई की शुरुआत 2016 में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा की गई थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य बिना बैंक डिटेल्स साझा किए, त्वरित और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना था। आज यूपीआई न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। 2023 तक यूपीआई के माध्यम से कुल लेनदेन की संख्या 10,000 करोड़ को पार कर गई, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। पेटीएम, फोनपे, गूगल पे और अमेज़न पे जैसे डिजिटल पेमेंट ऐप्स ने यूपीआई को आम जनता तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी यूपीआई को सिंगापुर, यूएई, फ्रांस और जापान जैसे देशों में स्वीकृति मिली है, जो भारत की डिजिटल पेमेंट इनोवेशन की सफलता को दर्शाता है।

यूपीआई ने पारंपरिक बैंकिंग प्रक्रियाओं को पूरी तरह से बदल दिया है। अब केवल एक मोबाइल नंबर या वर्चुअल पेमेंट एड्रेस के माध्यम से पलभर में पैसा ट्रांसफर किया जा सकता है। मोदी सरकार की डिजिटल इंडिया पहल और 2016 की नोटबंदी ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज चायवाले, सब्जीवाले, रिक्शाचालक और स्ट्रीट वेंडर्स तक यूपीआई स्वीकार करते हैं, जिससे कैशलेस ट्रांजेक्शन्स में भारी वृद्धि हुई है। इसके अलावा, कैशबैक, डिस्काउंट्स और रिवॉर्ड पॉइंट्स जैसे ऑफर्स ने यूजर्स को डिजिटल पेमेंट की ओर आकर्षित किया है।

**यूपीआई के बढ़ते प्रचलन के बावजूद, भारत के पूर्णत: कैशलेस इकोनॉमी बनने में कई बाधाएँ हैं:-**

भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी गाँवों में निवास करती है, जहाँ इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्मार्टफोन की पहुँच सीमित है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण बुजुर्ग और कम पढ़े-लिखे लोगों को डिजिटल भुगतान में कठिनाई होती है। डिजिटल भुगतान के साथ फिशिंग, स्कैम और यूपीआई फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़े हैं।

साइबर सिक्योरिटी एनजीओ प्रहार के अनुसार, 2024 में भारत में साइबर अटैक की घटनाओं में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा साइबर सुरक्षा को लेकर पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं, जिसके कारण लोग डिजिटल लेनदेन करने से हिचकिचाते हैं। भारत की 80 प्रतिशत श्रमशक्ति अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है, जहाँ नकदी लेनदेन प्रमुख है।

छोटे व्यापारी और दैनिक मजदूरी करने वाले लोग अभी भी नकदी को प्राथमिकता देते हैं। ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण डिजिटल भुगतान का प्रसार धीमा है।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि यूपीआई ने भारत को कैशलेस इकोनॉमी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है, लेकिन अभी भी एक लंबा सफर तय करना बाकी है। शहरी क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन ग्रामीण भारत में नकदी का वर्चस्व बना हुआ है।

भारत को पूर्णत: कैशलेस इकोनॉमी बनाने के लिए सरकार को कतिपय कदम उठाने होंगे, जैसे- डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, साइबर सुरक्षा को मजबूत करना, ग्रामीण इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारना और छोटे व्यापारियों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रोत्साहित करना। यदि इन चुनौतियों का समाधान हो जाता है, तो भविष्य में भारत निश्चित रूप से एक पूर्णत: कैशलेस अर्थव्यवस्था बन सकता है। फिलहाल, भारत की अर्थव्यवस्था 'लेस-कैश' से 'कैशलेस' की ओर बढ़ रही है, और यूपीआई इस परिवर्तन का प्रमुख वाहक है।

**- राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

## राशिफल शुक्रवार 20 जून, 2025



**पंडित अनिल शर्मा**

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082, रेवती नक्षत्र रात्रि 9:45 तक, शोभन योग रात्रि 11:47 तक, गर करण प्रात: 9:50 तक, चन्द्रमा रात्रि 9:45 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-सिंह, बुध-मिथुन, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 9:50 तक है। सर्वार्थ सिद्धि सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। कुमार योग रात्रि 9:45 से सूर्योदय तक है। भद्रा रात्रि 8:35 से आरम्भ होगी। पंचक रात्रि 9:45 तक है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:20 तक, लाभ अमृत 7:20 से 10:45 तक, शुभ 12:28 से 2:11 तक, चर 5:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:19




### मेष

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा।



### सिंह

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।



### धनु

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### वृष

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।



### कन्या

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मकर

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



### तुला

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी।



### कुंभ

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कारोबारी अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




### कर्क

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।



### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मीन

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोन:- 2627612, 2427249 फैक्स:- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 319 प्रभात अजमेर, शुक्रवार 20 जून, 2025 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## राहुल गांधी अपने जन्म दिन की पूर्व संध्या को विदेश से लौटे

### उनके जन्म दिन पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में सचिन पायलट उपस्थित रहे, पर सभी आयोजनों में गहलोत की गैर-मौजूदगी खली

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जून। राहुल गांधी बुधवार देर रात विदेश यात्रा से दिल्ली लौटे ताकि गुरुवार को अपना जन्म दिन मना सकें।

जब राहुल गांधी पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने एआईसीसी आयोजित सभी कार्यक्रमों में शिरकत की, जबकि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अनुपस्थिति संदिग्ध रही।

- सचिन पायलट ने एआईसीसी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलने आए राहुल गांधी का स्वागत करते हुए बड़ा गुलदस्ता भेंट किया और जन्म दिन की बधाई दी।
- इसके बाद यूथ कांग्रेस द्वारा आयोजित रोज़गार मेले व फिल्म फुले की स्क्रीनिंग पर, सचिन पायलट ने अपनी पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। पर, संयोगवश या पूर्व निश्चित इरादे के अनुसार और कोई वरिष्ठ नेता नहीं दिखा।
- एक उल्लेखनीय बात यह भी थी कि इस बार प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के जन्म दिन पर ट्वीट करके बधाई नहीं दी। कहा जा रहा है कि वे अपने भाई से नाराज़ हैं तथा राहुल से ज्यादा उनके चारों तरफ मंडरा रहे लोगों, संभवतया के.सी. वेणुगोपाल से नाराज़ हैं।

दिलचस्प बात यह रही कि कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने एआईसीसी और युवा कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन पर पहुंचे, तो सचिन पायलट वहाँ मौजूद थे, उन्होंने एक बड़ा गुलदस्ता लेकर राहुल को शुभकामनाएँ दीं। वे भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)



*सचिन पायलट ने राहुल गांधी को एआईसीसी कार्यालय में जन्मदिन की बधाई दी और गुलदस्ता भेंट किया।*

## मुख्यमंत्री शर्मा आज जैसलमेर में, गड़सीसर तालाब की पूजा करेंगे

जैसलमेर, 19 जून (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को अहमदाबाद जाएंगे और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि देकर शाम 6:30 बजे जैसलमेर पहुँचेंगे। वे एयर पोर्ट से सीधे गड़सीसर तालाब पहुँचकर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले के प्राचीन पवित्र गड़सीसर सरोवर की पूजा एवं आरती करेंगे। मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन शनिवार को मुख्यमंत्री सुबह पौने छः बजे खुहड़ी सैंड ड्यून्स के लिए रवाना होंगे और वहाँ होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहाँ से मुख्यमंत्री पुनः जैसलमेर पहुँचेंगे और फिर जैसलमेर एयर पोर्ट से जयपुर प्रस्थान करेंगे।

- मुख्यमंत्री शनिवार को सुबह जैसलमेर के खुड़डी सैंड ड्यून्स पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

## ट्रंप बार-बार भारत-पाक युद्ध बंद करवाने का दावा अभी भी क्यों कर रहे हैं?

### मसला है दक्षिण पूर्व एशिया में अपने घटते प्रभाव को किसी तरह जीवित रखना

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जून। स्व-प्रचार और टकराव की अपनी विशिष्ट शैली में, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा किया है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच का युद्ध "रोक दिया" था, जबकि नई दिल्ली ने ऐसे किसी भी दावे को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। यह दावा, जिसे ट्रंप कई बार दोहरा चुके हैं, भारत की आधिकारिक स्थिति के विपरीत है और इससे नैरेटिव (कथानक) के नियंत्रण, कूटनीतिक सीमाओं और दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में वॉशिंगटन के प्रभाव की चाह को लेकर एक गहरा टकराव उजागर होता है।

ट्रंप क्यों इस बात पर अड़े हैं कि उन्होंने युद्ध रोका? ट्रंप के लिए भारत-पाकिस्तान का तनाव, कई अन्य भू-राजनीतिक संकटों की तरह एक ऐसा मंच है, जहाँ वे व्यक्तिगत कूटनीति का प्रदर्शन कर सकते हैं। "दो परमाणु देशों के बीच युद्ध रोकने की उनकी कहानी उनके छवि निर्माण अभियान का हिस्सा है, जिसमें वे स्वयं को "डीलमेकर" तथा संकट समाधानकर्ता के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

- भारत को ट्रंप का दंभपूर्ण दावा विशेष रूप से इसलिए विचलित करता है, क्योंकि इस दावे से यह ध्वनि आती है कि मोदी सरकार का भारत की सार्वभौमिकता व "इन्डिपैन्डैंट विदेश नीति" का "क्लेम" एक मिथ्या घटनाक्रम है।
- इसके अलावा ट्रंप के दावे से, भारत का यह पुराना सिद्धांत, कि भारत, पाकिस्तान के साथ मतभेदों पर किसी प्रकार की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा, भी थोथा व मिथ्या साबित होता है और यह सिद्धांत 1972 के शिमला समझौते में भी पुरजोर ढंग से पुनः स्वीकार किया था, दोनों देशों ने।
- इसके अलावा ट्रंप के दावे से, प्र.मंत्री मोदी की, भारत में सुरक्षा के मामले में दबाव में न आने की छवि को भी भारी धक्का लगता है।
- अमेरिका इस बात से चिंतित है कि "ग्लोबल साउथ" में उसका प्रभाव घट रहा है और अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी सार्थकता किसी भी प्रकार बरकरार रखना चाहता है।

भारत के दृष्टिकोण से, ट्रंप का यह दावा कई स्तरों पर समस्या का कारण है। पहला, यह भारत की उस छवि को कमजोर करता है, जिसे उसने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में सावधानीपूर्वक गढ़ा है कि वह क्षेत्रीय संकटों को अपनी शर्तों पर हैंडल करने में सक्षम है। मोदी सरकार ने रणनीतिक स्वायत्तता,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)


पतंजलि®

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

योगमय भारत : स्वामी रामदेव जी का आह्वान

आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



विश्व के सबसे बड़े योग गुरु

योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें

आस्था LIVE — प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 8:00 बजे

INDIA TV — रोज सुबह 7:56 बजे



"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को "जागरण के देवता" के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। "Prosperity for Charity": पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

**स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराएं। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।

**शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।



# रेजिडेंट डॉ. राकेश विश्नोई सुसाइड मामला: जोधपुर में रेजिडेंट्स का कार्य बहिष्कार जारी

## जयपुर के एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर गुरुवार को छठे दिन भी धरना जारी रहा

- **रेजिडेंट्स डॉक्टर की हड़ताल के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा**
- **मामले को लेकर पूर्व विधायक मलखानसिंह विश्नोई सहित विश्नोई समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन दिया**

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर की एसएन मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर राकेश विश्नोई के सुसाइड मामले को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर्स ने दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार किया। एसएन मेडिकल कॉलेज के सभी रेजिडेंट डॉक्टर ने दो घंटे की सुबह आठ से दस बजे तक पेनडाउन हड़ताल रखी।

रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन का कहना है कि डॉ. राकेश के सुसाइड मामले को लेकर अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की चुप्पी के विरोध में प्रतीकात्मक हड़ताल रखी गई। एसोसिएशन के महासचिव रणजीत चौधरी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को तत्काल पद से हटाने, पीड़ित परिवार की बात सुनकर स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करने और इसके साथ ही सभी रेजिडेंट्स को मानसिक सुरक्षा और कार्य का वातावरण मिलने की मांग रखी है। मांगों पर कार्रवाई नहीं होने तक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। एसोसिएशन की बैठक करके आगे की रणनीति तय पर चर्चा की गई। वहीं, रेजिडेंट्स की हड़ताल के चलते मरीजों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार डॉक्टर राकेश ने शुक्रवार (13 जून) को जहर खा लिया था। गंभीर हालत में उन्हें जयपुर रेफर किया था, जहां 14 जून रात में उनकी मौत हो गई। डॉक्टर ने मौत से पहले एक वीडियो में कहा था फार्माकोलॉजी विभाग के एचओडी थीसिस को लेकर परेशान कर रहे हैं। जिसके चलते मैंने ये कदम उठाया।

एसएन मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग के एचओडी राजकुमार राठौड़ ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर पहले से मानसिक रूप से परेशान थे और उनका इलाज चल रहा था। रेजिडेंट्स डॉ. राकेश विश्नोई के परिजन फार्माकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. राजकुमार राठौड़ पर कार्रवाई सहित मांगों को लेकर जयपुर के एसएमएस अस्पताल के बाहर धरना दे रहे हैं। दूसरी तरफ इस मामले को लेकर पूर्व विधायक मलखानसिंह विश्नोई सहित विश्नोई समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। डॉक्टर राकेश बिश्नोई के आत्महत्या किए जाने के मामले में मांगों को लेकर गुरुवार को बिश्नोई समाज ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि राकेश विश्नोई एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर में फार्माकोलॉजी विभाग में पीजी तृतीय वर्ष के रेजिडेंट थे। उनको उन्हीं के विभाग के प्रमुख राजकुमार राठौड़ बार-बार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे व उनकी बार-बार हद से ज्यादा मानसिक प्रताड़ना को सहन नहीं कर पा रहे थे। इसके चलते डॉ. राकेश विश्नोई ने परेशान होकर सेल्फोस की गोलियां खा ली। जिसकी वजह से उनकी मौत हो गई।

मामले को लेकर विश्नोई समाज के नेता रामनिवास बुद्धनगर ने बताया इस मामले को लेकर बिश्नोई समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। जिसमें मांग की है कि राजकुमार राठौड़ को हत्या की संगीन धाराओं में त्वरित गिरफ्तार किया जाये। उच्च स्तर पर मामले की जांच की जाये। स्व. डॉ. राकेश विश्नोई की पत्नी को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी जाए।

रामनिवास बुद्धनगर ने बताया कि स्व. डॉ. राकेश विश्नोई के परिवार को दो करोड़ का आर्थिक मुआवजा दिया जाये। आगे से इस प्रकार की निन्दनीय घटना ना हो, उसके लिये सरकार ठोस कदम उठाये। यदि समय रहते सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो मुख्यमंत्री के फलोदी दौरे का विरोध किया जाएगा। वहीं समाज की ओर से उठा आंदोलन भी किया जाएगा।

उधर रेजिडेंट डॉ. राकेश बिश्नोई की आत्महत्या के मामले में जयपुर के एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर गुरुवार को छठे दिन भी धरना जारी रहा। परिजन से वार्ता करने के लिए चार चिकित्सकों का एक प्रतिनिधिमंडल जयपुर पहुंचा, लेकिन विभिन्न मांगों को लेकर फिलहाल गतिरोध टूट नहीं पाया।

# मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के वाटर कूलर में करंट से चिकित्सक की मौत

## घटना के बाद रेजीडेंट ने कार्य का बहिष्कार किया, कार्रवाई की मांग की

- **साथी चिकित्सकों ने सीपीआर देते हुए उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उनकी मौत हो गई**

**उदयपुर, (निसं)।** संभाग के सबसे बड़े राजकीय चिकित्सालय महाराणा भूपाल चिकित्सालय के आरएनटी मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में बुधवार देर रात वाटर कूलर से पानी भरते करंट आने से एक चिकित्सक की मौत हो गई। मौत के बाद रेजीडेंट चिकित्सकों ने हंगामा करते हुए कार्य का बहिष्कार कर दिया।

आरएनटी मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट चिकित्सक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपेन्द्र ने बताया कि रवि का चचेरा भाई प्रशांत रेजीडेंट डॉक्टर है। प्रशांत रात को नाइट ड्यूटी पर था। रात करीब दो बजे रवि हॉस्टल की चौथी मंजिल पर स्थित वाटर कूलर से पानी भर रहे थे। इसी दौरान उन्हें करंट का झटका लगा और जोर से चिल्लाते हुए अचेत होकर गिर पड़े। इसके बाद साथी चिकित्सकों ने सीपीआर देते हुए उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन उनकी मौत हो गई।

सुबह घटना के विरोध में रेजीडेंट चिकित्सकों ने कार्य का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और कार्रवाई की मांग की। रेजीडेंट ने बताया कि वाटर कूलर में करंट की शिकायत करने के बावजूद उसका समाधान नहीं किया गया और यह हादसा हो गया। मृतक चिकित्सक डॉ. रवि शर्मा (35) जो खेरवाड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियुक्त थे, वे अपने चचेरे भाई के पास एक-दो दिन हॉस्टल में रूके हुए थे। डॉ. रवि शर्मा ने जोधपुर मेडिकल कॉलेज से 2010 में एमबीबीएस की थी और अजमेर जेएलएन मेडिकल कॉलेज से पीजी की थी। इसके बाद खेरवाड़ा में बतौर मेडिकल ऑफिसर पोस्टेड थे और आरएनटी मेडिकल कॉलेज की सीनियर रेजीडेंट की लिस्ट में उनका नाम आया था इसके बाद वे जल्द ही यहां जॉइन करने वाले थे।

वहीं आरएनटी प्रिंसिपल विपिन माथुर ने समझाइश करते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार करने की बात कही लेकिन रेजीडेंट नहीं माने और विरोध प्रदर्शन जारी रखा। इधर, संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने तक रेजीडेंट चिकित्सकों ने हडताल जारी रखने की बात कही है।

# ग्राम देवमाली में पैंथर व दो शावक दिखे, ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में दहशत

- **वन विभाग अलर्ट मोड पर, पिंजरा लगाया**



भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे में पैंथर विचरण करता दिखाई दिया।

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा उपखंड की ग्राम पंचायत देवमाली क्षेत्र व भगवान देवनारायण मंदिर परिसर व आसपास पैंथर और दो शावकों की तीन-चार दिनों से चहलकदमी से वन विभाग सतर्क हो गया है।

मंदिर में लगे सीसीटीवी में मूवमेंट के ग्रामीणों का दावा है कि दो शावक भी साथ हैं। ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। दो दिन पूर्व भगवान देवनारायण मंदिर परिसर में भी उनकी चहल कदमी दिखाई दी। सीसीटीवी कैमरे में पैंथर विचरण करता दिखा।

वह पहले मंदिर तक बनी सीढ़ीयों पर चढ़ा, रेलिंग में से दूसरी ओर गया किसी वस्तु से अचानक चमक कर तेजी से सीढ़ी से नीचे की ओर भाग गया। सीसीटीवी कैमरे में पैंथर वहां से परिक्रमा स्थल होते हुए मंदिर में घूमता नजर आया। वहीं पैंथर अपने दो शावकों के साथ नजदीकी पहाड़ियों पर घूमता दिखा हालांकि ग्रामीणों का दावा है कि पैंथर के साथ उनके शावक भी घूम रहे हैं लेकिन सीसीटीवी कैमरे में केवल पैंथर ही घूमता नजर आया। जबकि मंदिर में सुबह की आरती में आने वाले श्रद्धालुओं में डर बना हुआ है। पैंथर और उसके शावक को मंदिर की पहाड़ी पर घूमता देखा गया। ग्रामीण में मवेशियों की सुरक्षा को लेकर काफी दहशत दिखाई दे रही है। लोगों ने बताया कि पैंथर की मौजूदगी से अब इंसानों की सुरक्षा को लेकर भी डर सताने लगा है। ग्रामीणों ने वन विभाग की को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग अलर्ट हो गया। वनरक्षक हजारीलाल ने बताया कि पैंथर की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग की टीम रात में गश्त कर रही है वहीं पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगा दिया गया है। देवमाली में पिछले कुछ दिनों से पैंथर और उसके दो शावकों की मौजूदगी बनी हुई है। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

# तस्कर विष्णु सेन का अवैध मकान व संपत्ति कुर्क

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी से अवैध आय से तस्कर विष्णु सेन द्वारा निर्मित मकान व संपत्ति को पुलिस ने कुर्क किया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि अम्बामाता थाने के हिस्ट्रीशीटर विष्णु सेन उर्फ मुकेश सेन पुत्र सुरेश चन्द्र सेन निवासी हवेली नाका सराफा थाना अटलबंद भरतपुर हाल आमेट भवन ब्रह्मपोल दरवाजा अम्बामाता एवं कालारोही नाई के खिलाफ विभिन्न थानों में अवैध मादक पदार्थ तस्करी, अवैध हथियार सप्लाई एवं गभीर धाराओं के 30 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। हिस्ट्रीशिटर विष्णु सेन की अर्जित आय व प्रोपर्टी के अवलोकन के आधार पर तत्कालीन अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनुवंतसिंह राजपुरोहित द्वारा आरोपी की संपत्तियों की जांच शुरू की गई। इस दौरान आरोपी की संपत्ति मादक पदार्थों की अवैध तस्करी से अर्जित आय से बनाई गई है। आरोपी विष्णु सेन उर्फ मुकेश सेन व उसके परिजनों द्वारा आय के ज्ञात स्त्रोत की तुलना में कई गुना अधिक संपत्ति अर्जित की गई है, जो मादक पदार्थ तस्करी से प्राप्त आय से अर्जित करने की गई थी। इस पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ में इस्तगासा तैयार कर पेश किया गया। इस पर दिल्ली स्थित प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष इस्तगासा प्रस्तुत किया गया। मामले में जानकारी मांगने पर अम्बामाता पुलिस थाने द्वारा उपलब्ध कराई गई। मामले में प्राधिकृत अधिकारी ने विष्णु सेन को अपना पक्ष रखने का समय दिया लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। जबकि मामले में अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी व एसपी कार्यालय में कार्यरत निरीक्षण संजीव स्वामी द्वारा तथ्यपरक पैरवी की गई। जिसे स्वीकार कर न्यायालय ने उचित मानते हुए दो मंजिला मकान, कार व बाइका कुर्क करने के आदेश जारी किए।

# गंगनहर में 2500 क्यूसेक सिंचाई पानी की मांग, धरना जारी

- **श्रीकरणपुर विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर सहित 23 किसान क्रमिक अनशन पर बैठे**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** गंगनहर में पूरे 2500 क्यूसेक सिंचाई पानी की मांग को लेकर महाराजा गंगासिंह चौक पर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना गुरूवार को चौथे दिन भी जारी है। धरने का नेतृत्व श्रीकरणपुर विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर कर रहे हैं। गुरूवार को विधायक कुन्नर सहित 23 किसान सुबह से शाम छह बजे तक क्रमिक अनशन पर बैठे।

संघर्ष समिति किसान नेता रविंद्र तरखान ने बताया कि आंदोलन के तहत शुक्रवार 20 जून को विधायक सोहन नायक के नेतृत्व में किसान क्रमिक अनशन करेंगे। 21 जून को सांसद कुलदीप इंदौरा किसानों के साथ अनशन पर बैठेंगे। 22 जून को महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व विधायक सोना देवी, कमला बिश्नोई, भूपेंद्र कौर दूरना, नमिता सेठी और दुर्गा स्वामी के नेतृत्व में महिलाएं धरनास्थल पर क्रमिक अनशन करेंगी। 23 जून को जिलेभर की सभी अनाज मंडियां बंद रखी जाएंगी। 24 जून को किसान प्रशासन का घेराव करेंगे। आंदोलन के लिए गठित संघर्ष समिति की बैठक में आगे की रणनीति तैयार की गई। किसानों की 15 सदस्यीय संघर्ष समिति ने कलेक्टर डॉ. मंजू को मुख्यमंत्री के नाम 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में 2500 क्यूसेक पानी की आपूर्ति, बीकानेर कैनाल की सफाई, सिंचाई पुलिस की संयुक्त गश्त, फिरोजपुर फीडर के टेंडर और फसल बीमा क्लेम के भुगतान की मांग की गई। धरना स्थल पर बुधवार को किसानों ने महापड़ाव किया। प्रशासन ने वार्ता के लिए दो बार न्योता भेजा, लेकिन किसानों ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब तक गंगनहर में तय हिस्से का 2500 क्यूसेक पानी नहीं पहुंचता, तब तक किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं होगी।

किसान नेता रविंद्र तरखान ने बताया कि आंदोलन का असर दिखने लगा है। बीकानेर कैनाल में पानी का प्रवाह बढ़ा है। पहले जहां 1600 क्यूसेक पानी चल रहा था, वह अब बढ़कर 1833 क्यूसेक हो गया है। पंजाब के सिंचाई अधिकारियों ने आरडी 45 से पानी छोड़ना शुरू किया है। राजस्थान बॉर्डर पर स्थित खखां हैड पर भी पानी की आवक बढ़ रही है। धरना स्थल पर किसान प्रतिनिधिमंडल की कलेक्टर डॉ. मंजू के साथ बैठक हुई। कलेक्टर ने बताया कि वे और पुलिस अधीक्षक गौरव यादव शुक्रवार को पंजाब के फाजिल्का और फिरोजपुर जाकर वहां के जिला कलेक्टर और एसपी के साथ बैठक करेंगे। बीकानेर कैनाल में हो रही पानी चोरी को रोकने के लिए पंजाब प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा।

बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि सिंचाई मंत्री सुरेश सिंह रावत ने 17 जून को पंजाब के जल संसाधन मंत्री से बातचीत की थी। इसके बाद ही 17 जून को पानी की मात्रा 1597 क्यूसेक से बढ़कर 18 जून को 1833 क्यूसेक हो गई।

# ईसरदा बांध का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण

- **सवाईमाधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है**

**टोंक, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हर छोर तक सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशन में सवाईमाधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। बांध के निर्माण का 95 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। बांध के पियर्स एवं गेटों का कार्य पूरा हो चुका है। मिट्टी के बांध का आंशिक कार्य ही शेष है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरुवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से मीडिया फील्ड भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया। इसमें जिला मुख्यालय के पत्रकारों को निर्माणाधीन ईसरदा बांध का अवलोकन कराया गया। जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व शर्मा ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य जिले में जल संरचनाओं के कार्यो एवं उससे भविष्य में होने वाले लाभ का प्रत्यक्ष अवलोकन कराना था।

ईसरदा बांध परियोजना के अधिशाषी अभियंता विकास गर्ग ने पत्रकारों को बांध के निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट साइट के कार्यो का निरीक्षण कराया। साथ ही, प्रगतिरत कार्यो, प्रभावित परिवारों को भूमि आवंटन, पुर्नवास अवार्ड कार्य की पूर्णता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भम्रण के दौरान ईसरदा बांध के सहायक अभियंता अभिषेक लसाड़िया, सौरभ सिंह, योगेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता खेमराज सैनी, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अक्षय नागरा, जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस समेत सहित अन्य मौजूद रहे।

# 11 केवी विद्युत लाइन के करंट की चपेट से युवक की मौत

**सायला, (निसं)।** सायला नगर के शांतिपुरा स्थित हार्डवेयर की दुकान के आगे से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पिजोपुरा निवासी कालुराम पुत्र मादाराम देवासी (40 वर्ष) सायला के शांतिपुरा स्थित गजानंद हार्डवेयर में नौकरी करता था, जो गुरुवार शाम करीबन सवा पांच बजे के लगभग दुकान की प्रथम मंजिल पर कार्य कर रहा था। इस दौरान दुकान के आगे से गुजर रही 11केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से घायल हो गया, जिसे दुकान मालिक द्वारा निजी वाहन की सहायता से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायला लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित किया। इधर



देवासी समाज के लोगों सहित व्यापारी अस्पताल में एकत्रित हो गए।

घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में देवासी समाज के लोगों सहित व्यापारी अस्पताल में एकत्रित हो गए। सूचना पर एएसआई लादूराम मय पुलिस अस्पताल पहुंची। मृतक के परिजनों के नहीं पहुंचने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाया।

# हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**नोखा, (निसं)।** यहां जसरासर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। थावरिया के रहने वाले गुलाराम (32) पुत्र हेतराम मेघवाल को एक तलवार के साथ पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक रवीन्द्र सिंह कर रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान और बीकानेर रेंज के एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत की गई। अभियान का नेतृत्व आईजी ओमप्रकाश, एसपी कावेन्द्र सिंह सागर और एएसपी (ग्रामीण) कैलाश सिंह सांदू कर रहे हैं। वृताधिकारी हिमांशु शर्मा के सुपरविजन और थानाधिकारी संदीप कुमार के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

# भरतपुर : निजी अस्पताल में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- **अस्पताल प्रबंधक का कहना है कि मजदूर की करंट लगने से मौत हुई है**
- **पिछले तीन-चार माह से अस्पताल में मजदूरी करने आ रहा था**
- **मृतक आठ बहनों के बीच इकलौता भाई था, तीन छोटे बच्चे भी हैं**



भरतपुर के एक निजी अपस्ताल में मजदूर की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अपस्ताल में मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने अस्पताल प्रबंधक से बातचीत की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक आठ बहनों के बीच इकलौता भाई था। मृतक के भी तीन छोटे छोटे बच्चे है। मां बाप बुजुर्ग है। मृतक ही पूरे परिवार का पालन- पोषण करता था। कोतवाली थाना पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। हालांकि अस्पताल प्रबंधक का कहना मजदूर की करंट लगने से मौत हुई है।

जानकारी के मुताबिक जघीना गेट निवासी 44 वर्षीय रोशन सिंह पुत्र रामस्वरूप मजदूरी का काम करता था। पिछले तीन-चार माह से अस्पताल में मजदूरी करने आ रहा था। सुबह साढ़े आठ बजे अस्पताल की ओर से फोन गया कि रोशन की तबीयत खराब है, आईसीयू में भर्ती है और उपचार जारी है। उसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे जहां रोशन से नहीं मिलने दिया गया। थोड़ी देर में बताया गया कि उसकी मौत हो गई है, लेकिन अस्पताल प्रबंधक की ओर से परिजनों को मौत का कारण नहीं बताया गया तो इससे परिजन नाराज हो गए। सूचना मिलते ही और लोग भी अस्पताल पहुंचे। भीड़ को देख कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां परिजनों द्वारा कोतवाली थाना पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। अभी अस्पताल की ओर से शव को नहीं दिया गया है। परिजन और अस्पताल प्रबंधक के बीज देर शाम तक वार्ता चल रही थी। बेटे की मौत की खबर सुनकर बुजुर्ग मां बाप, पत्नी, बच्चे और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। निजी अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर लोकेश जिंदल से जब बातचीत हुई तो उन्होंने कहा कि करंट लगने से मजदूर की मौत हुई है। मजदूर के परिजनों से वार्ता चल रही है।

# महिला कोरोना पॉजीटिव, अब तक 13 केस मिले

**बीकानेर, (निसं)।** शहर में कोरोना का एक और पॉजीटिव केस रिपोर्ट हुआ है। मरीज शास्त्रीनगर में रहने वाली 41 वर्ष की महिला है। इसे मिलाकर इस साल अब तक कोरोना के 13 केस आ चुके हैं। पीबीएम हॉस्पिटल की कोविड लैब में 30 मरीजों के सैम्पल लिए गए थे, जिनमें 25 मरीज मेडिसिन विभाग के आउटडोर में दिखाने आए थे। सभी जुकाम, खांसी, बुखार से पीड़ित थे। शेष पांच मरीज विभिन्न वार्डों में भर्ती चल रहे हैं। इनकी रिपोर्ट बुधवार को आई है।

जानकारी के अनुसार इनमें दो मरीज ऐसे भी हैं, जो 13 जून की जांच में पॉजीटिव रिपोर्ट हुए थे। खतूरिया कॉलोनी में रहने वाले दो भाइयों ने दोबारा जांच कराई थी। उनकी रिपोर्ट फिर से पॉजीटिव आई है। हालांकि दोनों ही पहले से ही पॉजीटिव चल रहे थे। इसलिए इन्हें रिकॉर्ड में नहीं लिया गया है। गौरतलब है कि सोमवार को नर्सिंग हास्टल में रहने वाली बीएससी नर्सिंग की एक छात्रा पॉजीटिव रिपोर्ट हुई थी। उसके संपर्क में आने वाली दो अन्य छात्राएं ठीक बताई जा रही हैं। पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कई बार मरीज देरी से निगेटिव आते हैं। गंभीर और असाध्य रोगी लंबे समय तक पॉजीटिव रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना को चिंताजनक नहीं माना है। भारत में कोविड का जेएन.1 वेरिएंट सबसे आम है।

# पांच हजार की रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार



आरोपी एएसआई।

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक एएसआई को पांच हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एएसआई द्वारा परिवादी की एक्सीडेंटल गाड़ी को न्यायालय से छुड़वाने के आदेश करवाने एवं मुकदमे में मदद करने की एवज में रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा था। जिसके चलते परिवादी ने एसीबी भरतपुर टीम को अवगत कराया और एसीबी टीम ने सत्यापन करने के बाद रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी द्वारा प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भरतपुर एसीबी एडिशनल एसपी अमित चौधरी ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक परिवादी ने शिकायत दी कि उकसी एक्सीडेंटल गाड़ी को न्यायालय से छुड़वाने के आदेश करवाने एवं मुकदमे में मदद करने की एवज में आरोपी पृथ्वीराज सहायक उप निरीक्षक पांच हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है, जिसका सत्यापन करने के बाद एसीबी की टीम ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए गहनोली मोड पर तैनात आरोपी पृथ्वीराज सहायक उप निरीक्षक को पांच हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 (STSE-2024) कक्षा - 10
राज्य स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE-2024) कक्षा - 12
राज्य स्तरीय कला एवं वाणिज्य प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE-2024) कक्षा - 12
ऑनलाईन प्रवेश पत्र एवं केन्द्र सामग्री जारी करने की सूचना

कक्षा 10 एवं कक्षा 12 हेतु राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा (STSE) 2024 का आयोजन रविवार 29.06.2025 को 09.00 AM से 01.00 PM तक राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा हेतु केन्द्र सामग्री एवं परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। सभी शाला/संस्था प्रधान उन्हें पूर्व प्रदत्त login ID / password की सहायता से प्रवेश पत्र डाउनलोड करें व हॉर्ड कापी निकालकर प्रमाणीकरण पश्चात् परीक्षार्थियों को वितरित करें। केन्द्राधीक्षक भी निर्धारित प्रकियानुसार केन्द्र सामग्री डाउनलोड करें। ऑनलाईन प्रवेश पत्र एवं केन्द्र सामग्री डाउनलोड संबंधी समस्या हेतु ए.सी.पी.(IT&C) से 0145-2632865, 2627454 पर तथा अन्य सहायता हेतु नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नं. 0145-2632866, 867, 868 एवं उप निदेशक (परीक्षा-I) से दूरभाष नं. 0145-2425770 पर सम्पर्क करें।

सचिव

## संक्षिप्त

### जल संरक्षण जन अभियान के तहत श्रमदान

**सरवाड़,** (निसं)। सरवाड़ राज्य सरकार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण राजस्थान में 5 से 20 तक मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन पखवाड़ा अन्तर्गत वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है इसी के साथ ही गुरुवार को गणेश तालाब पर जल सरोवर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया इस अवसर पर सरवाड़ उपखण्ड अधिकारी गुरू प्रसाद तंवर ने जल सरोवर पर दीप प्रज्वलित किया वहीं कार्यक्रम में उपस्थित आमजन व कार्मिकों द्वारा वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का संकल्प लिया गया उसी के साथ ही सब्जी मण्डी स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा की साफ-सफाई करवाई गई इस दौरान हरियालो राजस्थान अन्तर्गत के साथ ही पौधारोपण किया गया इस दौरान अधिशासी अधिकारी भगवत सिंह परमार ने लोगों से अपील की सभी एक पौधा अवश्य लगाएं। इस कार्यक्रम में नगर पालिका से भागचन्द खटीक, नन्द किशोर पोरवाल, महावीर प्रसाद धोबी, रहीस खान गौरी, सन्दीप सेवता, मोहम्मद सलीम कुरेशी, जमालुदीन, घीसालाल माली, सत्नारायण लखन, मुकेश सेवता, अशोक आदिवाल, गोविन्द सिंह भाटी, भागचन्द गहलोत व रंगलाल माली सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने निर्देश दिए

**नसीराबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के सफल आयोजन को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सुबह 11 बजे ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव ने की। बैठक में पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उपखंड अधिकारी यादव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए प्रत्येक शिविर में विभागीय योजनाओं और सेवाओं को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने सभी अधीनस्थ अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं पर अमल की स्थिति का फीडबैक भी लिया।

### शिविरों की तिथि तय

**दिलवाड़ा।** जिलावड़ा, देराठू, 26 जून कानपुरा, सनोद, 27 जून तिलाना, रामसर, 30 जून श्रीनगर, साम्प्रोदा, 1 जुलाई तिहारी, मावशिया, 2 जुलाई लवेरा, न्यारा, 3 जुलाई ढाल, भवानीखेड़ा, 4 जुलाईः कानाखेड़ी, भटीयानी, 7 जुलाई झड़वासा, बिठूर, 8 जुलाई राजोसी, राजगढ़, 9 जुलाई को बाघसूड़ी, लोहरवाड़ा में आयोजित होगा। इन शिविरों में राजस्व विभाग, ठाामीण विकास विभाग, पंचायती राज, ऊर्जा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, जल संसाधन, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, वन, खाद्य, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जनजाति क्षेत्रीय विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वायत्त शासन विभाग (शहरी क्षेत्रों हेतु), तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की प्रमुख योजनाओं पर कार्रवाई की जाएगी।

### मार्बल एसोसिएशन ने नगर परिषद को 10 टेम्पू सौंप

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन द्वारा नगर परिषद सीमा क्षेत्र में कचरा परिवहन हेतु 10 सीएनजी टेंपू उपलब्ध कराकर अध्यक्ष सुधीर जैन ने सभापति दिनेश सिंह राठौड़ के सुपुर्द किये। सभापत राठौड़ ने नगर परिषद परिवार की और से मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन सहित कार्यकारिणी को धन्यवाद पत्र देते हुए कहा कि इन वाहनों के उपयोग से शहर में स्वच्छता में सुधार होगा व कचरा समय पर और प्रभावी ढंग से उठ सकेगा। सीएनजी डीजल की तुलना में कम प्रदूषण होगा व नगर परिषद के लाखों रूपए की बचात होगी।

### किसानों के चेहरे खिले

**शाहपुरा।** शाहपुरा सहित क्षेत्र में दो घंटे जोरदार बारिश आई , बारिश ने गर्मी से राहत दिला दी है। तेज बारिश के कारण बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में पानी भर गया, जिससे राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ा।बारिश से जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे। खेतों में नमी बढ़ने से आगामी फसलों की बंपर बुवाई की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण को स्वस्थ रखने का संदेश

**अरांई,** (निसं)। हरियालों राजस्थान के तहत अरांई तहसील में पौधरोपण किया गया। यहां पौधरोपण के साथ ही पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेकर उन्हें बड़े होने तक रखरखाव करने व वृक्षों को न काटने की शपथ ली। पौधरोपण कर समाज हित में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। तहसीलदार हरिराम ने आमजन को जागरूक करते हुए हरियालों राजस्थान अभियान की जानकारी दी। संबोधित करते हुए तहसीलदार हरिराम ने कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी जरूरी है। पौधों को सुरक्षित स्थानों पर लगाया जाना चाहिए, जहां उनकी देखभाल की जा सके। यह अभियान हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। ऑफिस कानूनगो राकेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि मौजूदा दौर में पौधरोपण की अधिकाधिक जरूरत महसूस की जा रही है। पौधरोपण के जरिए ही हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। इसी से पर्यावरण की शुद्धि बनी रह सकेगी। ऑफिस कानूनगो महेश कुमार टेलर ने कहा कि पेड़ धरती का श्रृंगार होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण करना चाहिए। वरिष्ठ लिपिक अखिल सिंह राघव ने कहा कि पेड़ ही जीवन है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं इसलिए जीवन के लिए हम सब को संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर तहसील परिसर में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इसमें फलदार, छायादार एवं फूल के अलावा कई महत्वपूर्ण पौधे लगाए गए। इस अवसर पर श्योजीलाल जाट, नितेश सारण, दिलीप सैन, सतीश सैन, मोहसिन हसन, महेंद्र चौधरी सहित तहसील स्टाफ एवं ठाामीण मौजूद रहे।



**तहसीलदार हरिराम ने आमजन को पौधारोपण के लिए जागरूक किया।**

## राष्ट्रीय किन्नर शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ा,

**मदनगंजकिशनगढ़,( निस )।** किन्नर नाजर समाज किशनगढ़ की और से मुर्दा गली से निकाली गई शाही लवाजमे के साथ भव्य फूल पत्ती शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा में देशभर से आये बड़ी संख्या में किन्नर नाचते गाते हुए शामिल हुए। शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

किशनगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर नाजर समाज महासम्मेलन के अंतर्गत गुरुवार को किन्नर समाज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शाही लवाजमा, ढोल-नगाड़े, सजे-धजे रथ, और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित बड़ी संख्या में किन्नर समाज के सदस्य शामिल हुए। मुख्य मार्गो पर शहरवासियों ने जगह-जगह पलक-पांवड़े बिछाकर, फूल वर्षा कर शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। पुराना बस स्टैंड पर मांगलामुखी नाजर किन्नर समाज किशनगढ़ अध्यक्ष रानी बाई गुरु सरोज बाई का 51 किलो वजनी माला पहनाकर स्वागत किया, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। युवा भाजपा नेता व सांसद पुत्र सुभाष चौधरी, गणेश शर्मा, सोनू महाराज, विमल बड़जात्या, प्रदीप अठावाल सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लेकर आयोजन को गरिमा प्रदान की। मुख्य चौराहे पर विधायक डॉ विकास चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, टांक पेट्रोल पंप पर प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानों, माली समाज, अगरवाल समाज, माहेश्वरी समाज, ब्राह्मण समाज, अंबेडकर विचार मंच, विश्व हिंदू परिषद, मां भारती रक्षा मंच सहित विभिन्न समाज संगठनों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंद किया। शोभायात्रा न केवल किन्नर समाज की संस्कृति, परंपरा और गौरव को प्रस्तुत करती है, बल्कि सामाजिक एकता, समरसता और सौहार्द का भी प्रतीक बनी। आयोजन की भव्यता सहित लोगों की भागीदारी ने इसे किशनगढ़ के इतिहास में एक स्मरणीय और गौरवपूर्ण आयोजन बना दिया। किशनगढ़ अध्यक्ष रानी बाई ने सभी शहरवासियों के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा की हमारा जीवन सेवा, आशीर्वाद और समरसता का है, जब तक प्राण हैं, हम इसी भावना के साथ समाज को जोड़ते रहेंगे।

## सुविधा देने की मांग

**मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।** लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर स्वतंत्रता सेनानियों के समकक्ष सुविधा देने की मांग की है। लोकतंत्र सेनानी किशन गोपाल दरगड ने बताया की 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय को पच्चास वर्ष पूर्ण होंगे। लोकतंत्र के प्रहरियो ने बेघर होकर यातनाएं सहन कर लोकतंत्र को बचाकर भारत माता की रक्षा की थी। यह स्वतंत्र भारत की महत्वपूर्ण लड़ाई थी। लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि 16 अगस्त 2019 को बंद कर दी गई। सम्मान निधि का एरियर 31 जनवरी 2024 तक दिया जाये। विधानसभा चुनाव के समय बकाया सम्मान निधी ब्याज सहित देने की घोषणा की गई, किंतु बकाया सम्मान राशि नहीं दी गई। लोकतंत्र सेनानियों को 40 हजार रूपये पेंशन एवं दस हजार चिकित्सा सहायता यानी कुल 50 हजार सम्मान निधि दी जाये। दरगड ने कहा राजस्थान रोडवेज की सभी प्रकार की बसों में सुविधा उपलब्ध कराई जाये। लोकतंत्र सेनानी के निधन होने पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर आश्रित को अन्य प्रांतों के समान 25 हजार की राशि देने का निर्णय लेनाचाहिए।

## चामुंडा माता का पाटोत्सव मनाया

**अजमेर,** (कासं)। श्री चामुंडा माता मंदिर आना सागर पुलिस चौकी के सामने पुष्कर रोड अजमेर का वार्षिक पाटोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष देवी सिंह चौहान ने बताया कि दोपहर 12 बजे चामुंडा मां की महा आरती की गई, महाआरती के बाद मातृ शक्ति द्वारा माता रानी के भजन गाये गए. मातारानी के सम्मुख नृत्य किया गया. शाम को चामुंडा माता का श्रृंगार किया गया और मंदिर को सजाया गया।

महामंत्री विजय सिंह नाथावत ने कहा कि मातारानी के 500 से अधिक भक्तो ने भोजन प्रसादी ग्रहण की. इस अवसर पर जगदीश सिंह मेडतिया सेवानिवृत जज मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहें। ट्रस्ट को 11हजार रूपये सहयोग करने पर हनुमान सिंह चौहान को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

पंडित किशोर कुमार शर्मा का सपत्निक स्वागत कर उपहार भेंट किये गए, श्री चामुंडा माता ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह चौहान, प्रगतिशील राजपूत सभा के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, महामंत्री मुकेश सिंह भाटी, संरक्षक बाबू सिंह पंवार और मदन सिंह चौहान, विजय सिंह सोलंकी, सत्यनारायण गॉड, लेखराज सिंह राठौड़ गोरधन सिंह टांक, उम्मेद सिंह भाटी, महिला अध्यक्ष सीता कंवर, सज्जन सिंह राठौड़, अक्षय सिंह आदि उपस्थित रहें।

- **श्री चामुंडा माता मंदिर आना सागर पुलिस चौकी के सामने पुष्कर रोड अजमेर का वार्षिक पाटोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज बड़ी धूमधाम से मनाया गया।ट्रस्ट के अध्यक्ष देवी सिंह चौहान ने बताया कि दोपहर 12 बजे चामुंडा मां की महा आरती की गई, भजन गाये गए.**

## तोलामाल ट्रांसपोर्टेशन हब योजना रेरा में पंजीबद्ध

अजमेर, । अजमेर विकास प्राधिरकण अजमेर की ट्रांसपोर्टेशन हब योजना तोलामाल (किशनगढ़) का रेरा में पंजीयन हो गया है। उक्त योजना किशनगढ़ जोन में अजमेर विकास प्राधिकरण की प्रथम योजना है।

आयुक्त नित्या के. ने बताया कि अजमेर जयपुर नेशनल हाइवे पर ठााम तोलामल में लगभग 85 हेक्टेयर भूमि पर बहुउद्देशीय ट्रांसपोर्ट लॉजिस्टिक हब योजना की स्वीकृति नगरीय विकास विभाग द्वारा 23 अप्रैल 2025 को प्रदान की गयी थी।

योजना के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. द्वारा प्रयास किये गये जिससे आमजन व ट्रांसपोर्टस को लाभान्वित किया जाकर उन्हें एक ही स्थान पर समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जा सकें। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से किशनगढ़ को मार्बल उद्योग बहुआयामी लाभ मिलेगा। साथ ही आमजन के लिए भी यह योजना विकास के नये आयाम खोलने वाली सिद्ध होगी।

योजना में 88 गोदाम, वेयर हाउस, जिनमें 500 से 1000 वर्गमीटर (12), 1001 से 2000 वर्गमीटर (32), 2001 से 3000 वर्गमीटर (29), 3000 वर्गमीटर से अधिक (15), 100 बड़े व्यवसायिक भूखंड जिनमें 500 वर्गमीटर से कम (62), 500 वर्गमीटर से 1000 वर्गमीटर तक (13), 1001 से 1500 वर्गमीटर तक (17), 1501 से अधिक (8), 215 आवासीय भूखंड जिनमें 45 वर्गमीटर से कम (42), 45 वर्गमीटर से 95 वर्गमीटर (67), 95 वर्गमीटर से अधिक (104), व 2 बड़े ठाुप हाउसिंग (5000 वर्गमीटर से अधिक) साथ ही उक्त योजना में 4 स्थानों पर सेक्टर मार्केट उपलब्ध कराये गये है जो कि एक आवासीय परिसर के मध्य व 3 ट्रांसपोर्ट हब के नजदीक मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति हेतु 437 छोटी दुकानें (13.50 वर्गमीटर से 20 वर्गमीटर तक) तथा मूलभूत सुविधा हेतु 2 पेट्रोल पंप, 7 फेसिलिटी ब्लॉक के साथ 3 उद्यान उपलब्ध कराये गये है। योजना में सड़क निर्माण, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाईट, सीवर लाईन, पार्क विकास, वृक्षारोपण एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी तथा शीघ्र ही नीलामी की कार्यवाही की जायेगी

## न्यायिक जांच का भरोसा

**मेडता सिटी।** जारोडा निवासी डॉ राकेश विश्नोई मामले को लेकर मेडता विधायक लक्ष्मण राम कलरू जयपुर पहुंचे वहा पहुंच कर परिजनों से मिले। परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मेडता विधायक कलरू पुलिस मुख्यालय पहुंच कर महानिदेशक रविप्रकाश मेहरडा से की मुलाकात। डॉ राकेश बिश्नोई के प्रकरण में शामिल दोषियों पर कडी कार्रवाई की रखी मांग, डॉ. मेहरडा ने सकारात्मक आश्वासन दिया। पूरे मामले की हर पहलू से जांच करके दोषियों पर कड़ी कारवाई करेंगे। जल्द ही परिजनों से भी मिलेंगे।

## प्राध्यापक एवं कोच भर्ती परीक्षा 2024 की तारीखों में बदलाव नहीं

**अजमेर,।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा 2024 की परीक्षा तिथि को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि 23 जून से 04 जुलाई तक आयोजित होने वाली इस परीक्षा की तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आयोग अध्यक्ष यूआर साहू ने शनिवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। प्राध्यापक एवं कोच भर्ती परीक्षा 2024 और यूजीसी नेट की परीक्षा तारीखों में टकराव की स्थिति बन रही थी, जिसके कारण अभ्यर्थियों के बीच संशय की स्थिति थी। कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा तिथियों में बदलाव की मांग भी की थी। गौरतलब है कि आयोग की और से आयोजित यह परीक्षा प्राध्यापक एवं कोच के 24 विषयों को लेकर आयोजित की जा रही है लेकिन 25 जून को संस्कृत, 26 जून को राजनीतिक विज्ञान और 29 जून को समाजशास्त्र की परीक्षा आयोजित की जानी है इन्ही तारीखों पर यूजीसी नेट का भी आयोजन होना है जिसे लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आयोग अध्यक्ष यूआर साहू ने बताया कि आयोग ने सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया है कि परीक्षा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जाता है, तो पूरी परीक्षा प्रक्रिया छह महीने तक लेट हो सकती है। यूआर साहू ने कहा कि 'आयोग परीक्षा कैलेंडर के अनुसार ही आयोजन कर रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि भर्ती प्रक्रिया समय पर पूरी हो, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि यूजीसी नेट एक पात्रता परीक्षा है, जिसे अभ्यर्थी दिसंबर में भी दे सकते हैं। इसलिए, इस परीक्षा के साथ टकराव को देखते हुए प्राध्यापक एवं कोच भर्ती परीक्षा की तारीखों में बदलाव करना उचित नहीं होगा। परीक्षा तिथियों में बदलाव क्यों संभव नहीं - आयोग अध्यक्ष ने परीक्षा तिथियों में बदलाव न करने के पीछे के कारणों को स्पष्ट करते हुए बताया आयोग ने पहले ही परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है और सभी तैयारियां उसी के अनुसार की जा रही हैं। तारीखों में बदलाव करने से पूरी परीक्षा प्रक्रिया में छह महीने तक की देरी हो सकती है। आयोग का उद्देश्य है कि भर्ती प्रक्रिया समय पर पूरी हो, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द रोजगार मिल सके। आयोग अध्यक्ष यूआर साहू ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि आयोग अभ्यर्थियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## धूमधाम से मनेगा दस दिवसीय भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव

- **26 जून से 5 जुलाई तक होंगी रथयात्रा**
- **भजन संध्या व कथा सहित कई धार्मिक कार्यक्रम**
- **जनकपुरी में 26 जून को जगन्नाथ मेंहदी उत्सव से होगा महोत्सव का शुभारम्भ**

**अजमेर,** (कासं)।श्री जगन्नाथ भगवान रथ यात्रा महोत्सव समिति व श्री अग्रवाल पंचायत मारवाड़ी छोटा धड़ा जनकपुरी गंज के तत्वावधान में दस दिवसीय भगवान श्री जगन्नाथ भगवान का रथयात्रा महोत्सव कई भव्य धार्मिक कार्यकमों के साथ उत्साह व धूमधाम से मनाया जाएगा।

गंज स्थित जनकपुरी में महोत्सव का शुभारम्भ 26 जून से शुरू होगा, जो 5 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा के साथ सम्पन्न होगा। सभी धार्मिक कार्यक्रम जनकपुरी में ही आयोजित किए जाएंगे।

श्री जगन्नाथ भगवान रथ यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष संजय कंदोई व मेला संयोजक राकेश डिडवानिया, विनोद डिडवानिया व हरीश बंसल ने महोत्सव के कार्यकमों की जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जून से 5 जुलाई तक भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव के तहत आयोजित होने वाली रथयात्रा, भजन संध्या, कथा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रमों को लेकर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की जिम्मेदारी तय कर दी है। कार्यक्रमों के लिए भव्य पांडाल तैयार किया जा रहा है। इस महोत्सव के लिए प्रमुख लोगों को निमंत्रण पत्र भी दिए जा रहे है। अध्यक्ष संजय कंदोई व मेला संयोजक राकेश डिडवानिया विनोद डिडवानिया व हरीश बंसल ने बताया कि 26 जून को दोपहर 3 से 6 बजे तक जगन्नाथ मेंहदी उत्सव मनाया जाएगा।

शाम 5 बजे सभी को अल्पाहार वितरित किया जाएगा। भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के तहत पहली बार समस्त महिलाओं के लिए मेंहदी प्रतियोगिता रखी गई है, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं और उपस्थित सभी महिलाओं को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। इस मेंहदी उत्सव में समाज की सभी महिलाएं उत्साह से भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि 27 जून को शाम 5.30 बजे भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के तहत गाजे बाजे से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

## शिक्षक सम्मेलन में भीलवाड़ा से 17 शिक्षकों ने लिया भाग

**शाहपुरा।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम अजमेर संभाग का संभाग स्तरीय शिक्षक सम्मेलन गंज स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय अजमेर में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान के प्रदेश महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा थे। अध्यक्षता संभागीय अधिकारी संस्कृत शिक्षा मुरलीधर राव ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त उपनिदेशक सुरेश चंद्र शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश, जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा जगदीश चन्द्र शर्मा, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य शशिकांत शर्मा रहे। जिला सचिव परमेश्वर प्रसाद कुमावत शाहपुरा ने बताया कि संभाग स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में भीलवाड़ा से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित 17 पुरस्कृत शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने पुरस्कृत शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा है कि पुरस्कृत शिक्षकों की पहचान उनके आचरण और व्यवहार से झलकती है। राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत शिक्षकों को मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए पुरस्कृत शिक्षकों की विभिन्न मांगों को राज्य सरकार तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही पुरस्कृत शिक्षकों को एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट मिलने की पूरी संभावना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जगदीश चंद्र शर्मा अध्यक्ष भीलवाड़ा इकाई ने जिला इकाई द्वारा किए जा रहे हैं नवाचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्कृत विभाग के संभागीय अधिकारी मुरलीधर राव ने कहा है कि पुरस्कृत शिक्षक होना गर्व की बात है।

## सार-समाचार

### डीडवाना क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

**डीडवाना।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक यूनुस खान ने 18 जून को नई दिल्ली में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने डीडवाना क्षेत्र की दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने पर केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। विधायक यूनुस खान ने जानकारी देते हुए बताया की-खाटू खुर्द सड़क मार्ग (किमी 0/0 से 41/0) को सी.आर.आई.एफ. योजना में शामिल किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत राशि 59.36 करोड़ की लागत से इस मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण किया जाएगा। यह सड़क डीडवाना, मारवाड़ बालिया, प्यावां, सिंगरावट खुर्द, खरेश फांटा, खुनखुना, रूवां, पीड़वा, लिकासन, बड़ाबरा और खाटू खुर्द जैसे गांवों को आपस में जोड़ती है और क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जीवन रेखा है। विधायक खान ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2025-26 में इस सड़क को सी.आर.आई.एफ. योजना में शामिल करने की अनुशंसा की गई, जिससे परियोजना को राज्य स्तर पर आवश्यक सहयोग मिला। यह मुख्यमंत्री की क्षेत्रीय संतुलन और समठा विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विधायक यूनुस खान ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 458 पर ग्राम शेरानी आबाद में प्रस्तावित बाईपास परियोजना को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है। इस परियोजना की संशोधित डीपीआर को 29 अप्रैल 2025 को मंजूरी प्रदान की गई। यह बाईपास - 458 के किमी 38 800 से 43 600 के मध्य बनेगा, जिसकी कुल लंबाई 5.18 किमी होगी। इसका निर्माण दो लेन स्वरूप में किया जाएगा। विधायक खान ने स्पष्ट किया कि यह योजना वर्ष 2017 में केंद्रीय मंत्री गडकरी द्वारा सालासर में की गई घोषणा के बाद शुरू हुई थी। वर्ष 2018 में सैद्धांतिक मंजूरी और अधिसूचना जारी होने के बावजूद तकनीकी कारणों से कार्य रुका रहा। लेकिन निरंतर प्रयासों और पत्राचार के फलस्वरूप अब इस परियोजना को अंतिम स्वीकृति मिलना डीडवाना क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि शेरानी आबाद बाईपास के निर्माण से भारी वाहनों की आवाजाही गांव के मुख्य बाजार और आवासीय क्षेत्रों से हट जाएगी, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित यातायात सुविधा प्राप्त होगी। इन दोनों परियोजनाओं की स्वीकृति पर डीडवाना क्षेत्र की जनता, पंचायत प्रतिनिधियों एवं नागरिक संगठनों ने खुशी व्यक्त की है। सभी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया और विधायक यूनुस खान के प्रयासों की सराहना की। विधायक खान ने कहा कि नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में भारत की सड़क अधोसंरचना में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। , मोटर वाहन अधिनियम संशोधन, इथेनॉल, बायोफ्यूल, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट ठीन हाईवे जैसे नवाचारों से भारत एक आधुनिक, सुरक्षित और हरित परिवहन प्रणाली की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अंत में, यूनुस खान ने गडकरी से निवेदन किया कि शेरानी आबाद बाईपास के निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, जिससे आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

### कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**अजमेर,** (कासं)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के जन्म दिवस के अवसर पर अजमेर उत्तर ब्लॉक ए व बी तथा अजमेर दक्षिण ब्लॉक ए व बी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की और से प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल, पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती व अजमेर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी रही नगर निगम अजमेर में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली के नैतृत्व में कमला नेहरू टी बी हॉस्पिटल व जवाहर लाल नेहरू हॉस्पिटल में फल वितरण कर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर डॉ राजकुमार जयपाल, डॉ श्रीगोपाल बाहेती व द्रोपदी कोली ने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रति राहुल गाँधी की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता ने राजनीतिक विमर्श को नई दिशा प्रदान की है, श्री राहुल गाँधी समाज के हर वर्ग की प्रगति के लिए जो प्रयास कर रहे हैं और जिन बदलावों की अपेक्षा रखते हैं, उनमें उन्हें अपार सफलता मिले सभी कांग्रेसजनों की दिल से यही कामना है, हर सच्चे भारतीय का विश्वास है सिर्फ और सिर्फ राहुल गाँधी से ही आस है, देशवासियों के हक के लिए आवाज उठाना, युवा भारत की सशक्त आवाज बनकर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गाँधी को हर जगह सफलता मिल रही है, उनका निडर नेतृत्व, जनहित के प्रति समर्पण और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है, ईश्वर से प्रार्थना है कि राहुल गाँधी को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और अटुट संकल्पशक्ति प्रदान करे। राहुल गाँधी के जन्म दिवस पर टी बी हॉस्पिटल व जे एल एन हॉस्पिटल में फ़ल वितरण कार्यक्रम में डॉ जयपाल, डॉ बाहेती व द्रोपदी कोली के साथ अजमेर उत्तर के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद, अजमेर दक्षिण के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी धोलखेडिया व चंदनसिंह, शहर कांग्रेस महासचिव पार्षद नौरत गुजर, पंकज छौटवानी, रवि दग्दी, कौशल चित्तोडिया, अशोक पंडित, विक्की सिवासिया, पिंटू बोहरा, राजू जैलिया, महादेव भडाना, मो. इरशाद, रवि कुमार व रामु सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

### भजन आयोजन

**बोरावड( निस )** शहर के बालाजी के बाग मोहल्ले में सुभाषचन्द सोनी के निवास पर श्याम मित्र महिला मण्डल द्वारा भजन सरिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सन्तोष सोनी ने छम छम बाजे देखो वीर हनुमाना.., तेरे द्वार खड़ा भगवान.., काली कमली वाला.., थानें काजलियो बणाल्यूं.., सत्यम शिवम सुन्दरम्.. सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके साथ ही अरुणा दाधीच ने मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों हाथ.., आओ आओ सांवरिया बेगा आओ.., मेरी विनती सुनो सांवरिया.., सविता सोनी ने सावंली सूरत पे मोहन दिल.., जोत जले मां तेरे मंदिर में.., आचूदेवी सोनी ने कुण जाणे श्याम तेरी.., आराधना करती हूं श्याम तेरी.., निर्मला सोनी ने आ गया खाटू वाला.., दुर्गा सिकची ने हरि ओम में ओम समाया है।

### अवैध पदार्थ दो किलो अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों पर रोक लगाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत् चित्तौड़गढ़ जिले के अकोला खुर्द गांव के निकट आवरी माता रोड पर एक मोटरसाइकिल को रोककर कार्यवाही करते हुए दो किलो मादक पदार्थ अफीम के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से आवरी माता मार्ग से होते हुए अकोला खुर्द गांव के निकट चित्तौड़गढ़ जिले में ड्रग तस्कर को अफीम पहुंचाएंगे।


**NAME CHANGE**

I Gangotri Devi Mother's of Army No.18015009F, NK, Karam Chandra Residing at Atraura rahmatpur, Obrideeh, Balrampur, U.P.271307 have change my Name from Gangotri to Gangotri Devi at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Ganesh Danbahadur Singh Father's of Army No.18002659W, HAV, Suraj Singh R/o pragati society g sector 8 link road megha moll, Anand nagar, Jogeshwan west, mumbai, M.H.400102 have change my Name from Ganesh Singh to Ganesh Danbahadur Singh at court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मैं, मेरे अभिभाष्य बैंक, एस0बी0आई0 शाखा किशनगढ 31107 के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि श्रीमती सीमा शर्मा पत्नि श्री कृष्णकान्त जाति ब्राहम्ण निवासी माहेश्वरियों का बास, सोजत, पाली, राजस्थान ने एस0बी0आई0 शाखा किशनगढ़ 31107 से एक आवासीय प्लॉट सं. 26 क्षेत्रफल 136. 11 वर्गगज जो वाके महावीर कॉलोनी अजमेर जाने वाली सडक के दक्षिण तरफ आजाद नगर के पीछे, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर राज. पर स्थित है को कय करने बाबत् ऋण हेतु ओवदन किया है। उक्त मकान पट्टा दिनांक 07.11.1988 को उपखण्ड अधिकारी किशनगढ द्वारा स्व. श्री श्याम लाल पुत्र स्व. श्री गणेशी लाल अग्रवाल के नाम पर जारी किया गया था। उक्त प्लॉट के मालिक स्वामी स्व. श्याम लाल पुत्र स्व. श्री गणेशी लाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 10.03.2021 को हो गई व स्व. श्याम लाल की पत्नि श्रीमति मुन्नी देवी की मृत्यु दिनांक 11.05.2023 को हो गई थी। स्व0 श्याम लाल के विधिक वारिसान में उनके दो सन्तान पुत्र श्री प्रकाश अग्रवाल व पुत्री रीना सोंथलिया है। वर्तमान में उक्त सम्पति के विधिक मालिक स्वामी श्री प्रकाश अग्रवाल व पुत्री रीना सोंथलिया से श्रीमति सीमा शर्मा पत्नि श्री कृष्णकान्त ने इस मकान को कय करने हेतु इकरारनामा दिनांक 09.06.2025 को निष्पादित किया है। उक्त मकान के कय के सम्बन्ध में किसी भी सर्वसाधरण को, ऋणदात्री तथा सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को उज्ज, ऐतराज, आपति हो तो लिखित में अपनी उज, ऐतराज, आपति दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर आम सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर दर्ज करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद मेरे अभिभाष्य एस0बी0आई0 शाखा किशनगढ 31107 व ऋण आवेदिका के विरूद्ध कोई भी उज्ज, आपत्ति, ऐतराज स्वीकार नहीं किया जायेंगा। सूचित रहें।

-(राशिद अली एडवोकेट),गांधीनगर मदनगंज-किशनगढ,
मो0नं0-99285 55255, 94142 63445

सत्यमेव जयते
Ministry of Ayush
Government of India

# समग्र स्वास्थ्य के अभूतपूर्व अभियान का हिस्सा बनिए

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025

### एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी**

**विशाखापत्तनम** में होने वाले योग प्रदर्शन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में हजारों उत्साहियों के साथ होंगे

लाइव प्रसारण DD न्यूज पर

21 जून | 6 बजे से

देश में हो रहे **8 लाख** से भी अधिक आयोजनों एवं **175+ देशों** में हो रहे योग उत्सवों के माध्यम से आई.डी.वाई. 2025 की गूँज दुनिया के हर कोने से सुनाई देने वाली है।

**अपने पास के किसी ऐसे कार्यक्रम से जुड़िए और #IDY2025 का उपयोग करके योग से जुड़े अपने अनुभव साझा करिए**

cbc 17201/13/0005/2526



moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

# खेल जगत



भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिए। नए कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। - **सचिन तेंदुलकर**

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज, गिल को सलाह देते हुए।**

**आज का खिलाड़ी**

## एंजेलो मैथ्यूज



टेस्ट क्रिकेट के लिए साल 2025 काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा। इस साल कई इंटरनेशनल क्रिकेट के दिग्गजों ने टेस्ट को अलविदा कह दिया। एंजेलो मैथ्यूज आज अपने ही देश की धरती पर आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे हैं। श्रीलंका की टीम का बांग्लादेश के साथ कोलंबो में टेस्ट मैच चल रहा है। श्रीलंका के दिग्गज बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज जब बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच के तीसरे दिन बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे तो उस दौरान बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने मैथ्यूज को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ मैदान पर उनका स्वागत किया। बांग्लादेश के प्लेयर्स दो लाइन बनाकर खड़े हुए।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट अगस्त 2021 में हुआ था, अब इंग्लैंड ने एक पारी और 76 रनों से बड़ी जीत दर्ज की थी।

## प्रीमियर लीग का फूल शेड्यूल जारी

नई दिल्ली, 19 जून। आगामी 2025-26 सीजन के लिए प्रीमियर लीग कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गई। आगामी 15 अगस्त से इन कार्यक्रमों का आगाज होगा। जहां डिफेंडिंग चैंपियन लिवरपूल अपने पहले मैच में एनफील्ड में बोर्नमाउथ से भिड़ेगा।वहीं इस बीच, मैनचेस्टर यूनाइटेड को ओल्ड ट्रैफर्ड में आर्सेनल के खिलाफ खेलना होगा। यूनाइटेड के मैनचेस्टर चचेरे भाई, सिटी, मोलिनक्स स्टेडियम में वॉल्व्स के साथ भिड़ेंगे। सुंदरलैंड आठ साल बाद प्रीमियर लीग में वापस आ गया है। शेफील्ड यूनाइटेड के खिलाफ प्ले-ऑफ जीतने के बाद, अब वह स्टेडियम ऑफ लाइट में शीर्ष स्तर की कार्रवाई का आनंद लेना चाहेगा। वहीं बोर्नमाउथ के खिलाफ़ शुरूआत के बाद, लिवरपूल के खिताब की रक्षा का परीक्षण शुरू में ही हो जाएगा, दूसरे सप्ताह में न्यूकैसल की एक चुनौतीपूर्ण यात्रा के बाद आर्सेनल के खिलाफ़ एक ब्लॉकबस्टर घरेलू मुकाबला होगा। आर्सेनल के लिए, शुरुआत और भी ज़्यादा कठिन है - उन्हें अपने पहले छह मैचों में मैनचेस्टर यूनाइटेड, लिवरपूल, मैनचेस्टर सिटी और न्यूकैसल का सामना करना पड़ेगा। गनर्स, जो लगातार तीसरे सीज़न में उपविजेता रहे, को पहले दिन से ही अपने सबसे तेज़ प्रदर्शन की ज़रूरत होगी। पेप गार्डियोला के नेतृत्व में अपने सातवें लीग खिताब की तलाश में मैनचेस्टर सिटी 16 अगस्त को वॉल्व्स के खिलाफ़ अपने पहले मैच की शुरुआत करेगी।

## टेनिस खिलाड़ियों को अब देश के लिए खेलने से इंकार करना पड़ेगा भारी, साई वसूल करेगा रकम

नई दिल्ली, 19 जून। भारतीय खेल प्राधिकरण के नए आदेश के अनुसार कई योजनाओं के जरिए वित्तीय मदद हासिल करने वाले देश के टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने की प्राथमिकत देनी चाहिए। अगर वे बिना किसी वैध स्पष्टीकरण के खेलने से इनकार करते हैं तो उनसे धनराशि वसूल की जाएगी। खिलाड़ियों को प्राप्त धनराशि के लिए जवाबदेह बनाते हुए साई ने अपने आदेश में टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप के अतंर्गत मदद के लिए चुने गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है जिसमें वे स्वीकार करें कि वित्तीय मदद हासिल करना देश के खेल उत्कृष्टता में योगदान देने की जिम्मेदारी है।साई ने अपने आदेश में टॉप्स, एनएसएफ और टीएजीजी योजनाओं के अंतर्गत मदद हासिल करने वाले खिलाड़ियों से बिली जीन किंग कप, डेविस कप, एशियाई खेल और ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनकी उपलब्धता और इच्छा की पुष्टि करने को कहा है। साई के आदेश के अनुसार, ये टेनिस प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय गौरव के लिए अहमियत रखती हैं।

## भारत और इंग्लैंड ट्रॉफी के साथ दिखे सचिन और एंडरसन

# सीरीज का नाम पटौदी ट्रॉफी नहीं बल्कि तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा गया



नई दिल्ली, 19 जून। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का अनावरण हो गया है। भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और इंग्लैंड के दिग्गज जेम्स एंडरसन ने इस ट्रॉफी का अनावरण किया। साथ ही बता दें कि, अब इस सीरीज का नाम पटौदी ट्रॉफी नहीं बल्कि तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा गया है। वहीं पटौदी ट्रॉफी का नाम बीसीसीआई ने नहीं ईसीबी ने बदला है।भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली ये टेस्ट सीरीज को अब से हम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कहा जाएगा। इसके अलावा इस बात की भी आधिकारिक पुष्टि हो गई है कि पटौदी परिवार की शान में इस ट्रॉफी को जीतने वाले कप्तान को पटौदी पदक दिया जाएगा। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड औरबीसीसीआई के बीच एक संयुक्त पहल है जो अब इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाले सभी भविष्य की टेस्ट सीरीज का प्रतिनिधित्व करेगी। इससे पहले इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज पटौदी ट्रॉफी और भारत में टेस्ट सीरीज एंथनी डी मेलो ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। हालांकि, अब दोनों ही देशों में सीरीज एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी होगी।


## ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैम्पियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

सोनीपत, 19 जून। हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सचिव डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने तपस्वी को बधाई दी और उसको भविष्य में होने वाली पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया।

## भारतीय टीम में वापसी कर रहे करुण नायर अभ्यास के दौरान चोटिल

लंदन, 19 जून। भारत और इंग्लैंड पहला टेस्ट लीड्स में 20 जून से खेला जाना है। लेकिन इस मैच के शुरू होने से पहले भारतीय कैंप से बुरी खबर सामने आ रही है। लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे करुण नायर प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए हैं। प्रैक्टिस के दौरान प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद उनके पेट पर जाकर लगी। नायर ने कुछ देर तो बल्लेबाजी जारी रखी लेकिन वह सहज नहीं दिखे। कुछ देर बाद उन्होंने प्रैक्टिस बंद कर दी और उन्हें फिजियो के साथ देखा गया। करुण नायर की ये चोट कितनी गंभीर है अभी इसकी कोई जानकारी नहीं है।करुण नायर ने भारत के लिए आखिरी टेस्ट मर्च 2017 में खेला था। 8 साल बाद उन्होंने अब भारतीय टीम में वापसी की है और उनके पहले टेस्ट की प्लेइंग 11 में शामिल होने की संभावनाएं काफी ज्यादा है। हालांकि, मैच से पहले उनकी ये चोट उनका इंतजार बढ़ा भी सकती है। ऋषभ पंत ने कंफर्म किया कि नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल विराट कोहली की विरासत को संभालेंगे और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे। वहीं पंत ने ये भी बताया कि वह खुद नंबर-5 पर बैटिंग करने वाले हैं। ऐसे में नंबर-3 और 6 का पायदान ही करुण नायर के लिए खाली है। नायर ने 2016 में डेब्यू करने के बाद से 6 टेस्ट मैच खेले हैं।

# शास्त्री ने गिल को चेताया



नई दिल्ली, 19 जून। शुभमन गिल के लिए बतौर कप्तान इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाली है। ऐसा ही कुछ पूर्व क्रिकेटर और पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। जिसका पहला मैच शुक्रवार, 20 जून से शुरू होगा। पिछले 18 सालों से टीम इंडिया इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। अब इस दौरे के लिए रवि शास्त्री ने गिल एंड टीम को चेताया है और सलाह भी दी है। रिव्यू में रवि शास्त्री ने शुभमन गिल को लेकर कहा कि इस युवा कप्तान को सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक को निभाने के लिए धैर्य और संयम की जरूरत है। शास्त्री ने गिल को अहम सलाह देते हुए कहा कि, मुझे लगता है कि उन्हें अपना समय लेना चाहिए। ये आसान बिल्कुल नहीं होने वाला है। उन्हें इंग्लैंड में टीम इंडिया की कमान संभालने का एक मुश्किल काम करने को कहा गया है।

इंग्लैंड में शुभमन गिल ने इससे पहले कुल 3 टेस्ट खेले हैं। 6 पारियों में उनके नाम सिर्फ 88 रन हैं। उन्होंने कुल 32 टेस्ट मैचों की 59 पारियों में 1893 रन बनाए हैं उनका एवरेज 35.06 का है।

इंग्लैंड की पिचें हमेशा अनुभवी प्लेयर्स की भी परीक्षा लेती है देखना होगा कि बतौर कप्तान शुभमन गिल का करियर कैसे शुरू होता है वो भी तब जब विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे दिग्गज टीम में नहीं हैं। भारत ने 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीती है।

शास्त्री का मानना है कि ये दौरा युवा खिलाड़ी के करियर में अहम रोल अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि, ये कभी आसान नहीं होता लेकिन मुझे लगता है कि वो यहां खेलकर अनुभव हासिल करेंगे और सीखेंगे। आईपीएल में गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में मैंने देखा कि वो शांत थे, संयमित थे। उनका स्वाभाव अच्छा है। शास्त्री ने आगे कहा कि, वह एक व्यक्ति के रूप में परिपक्व हो गए हैं, उनके साथ कुछ युवा खिलाड़ी हैं, और मुझे लगता है कि जहां तक शुभमन गिल की बात है तो ये सीखने का एक मौका है।

# भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट में बारिश बनेगी विलेन!



लंदन, 19 जून। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला कल यानी 20 जून से लीड्स के हेडिंग्ले मैदान में खेला जाने वाला है। विराटकोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद पहली बार भारतीय टीम युवा टैलेंट के साथ मैदान में उतर रही है।

क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर ये है कि मैच के दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, लीड्स में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। ऐसे में फैंस को बिना बारिश की चिंता किए पूरे पांच दिन क्रिकेट का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

हेडिंग्ले की पिच हमेशा से ही गेंदबाजों को मदद देने वाली रही है, खासकर तेज गेंदबाजों को ये पिच ज्यादा फेवर करती है। पहले दिन ही पहली पारी में नई गेंद से बल्लेबाजों को काफी सतर्क रहना होगा क्योंकि पहले सेशन में तेज गेंदबाजों को स्विंग और सीम मूवमेंट से काफी मदद मिल सकती है। ऐसे में शुरुआती कुछ ओवर बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्व हो सकते हैं तो बल्लेबाजों को थोड़ा रुककर खेलना होगा। मैच में जीत हार कि दिश तय करने के लिए पहली इनिंग में ही बढ़त बनाना फायदेमंद साबित होगा। हेडिंग्ले की इस पिच पर अब तक 84 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। जिनमें से 29 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। जबकि 36 बार दूसरी पारी में खेलने वाली टीम ने जीत दर्ज की है। यही कारण है कि टॉस जीतने के बाद ज्यादातर टीमें पहले गेंदबाजी करने को देखती हैं। इस मैदान पर सबसे बड़ी सफल रन चेज 404/3 की रही है, जो इस पिच के चेजिंग फ्रेंडली नेचर को दर्शाती है।

इस पिच पर मैच जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, औसत स्कोर भी वैसे-वैसे गिरता जाता है, इसलिए दूसरी इनिंग में बल्लेबाजी करना थोड़ा आसान हो जाता है। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि इंग्लैंड की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करती है या फिर गेंदबाजी का।

इस बार भारतीय टीम एक बिल्कुल युवा कप्तान शुभमन गिल के साथ मैदान में उतर रही है। पांच टेस्ट मैचों की ये सीरीज दोनों टीमों के बीच एक कड़ी टक्कर साबित होने वाली है।

## अनाया ने आईसीसी और बीसीसीआई से ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों का समर्थन करने की अपील की



नई दिल्ली, 19 जून। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगक की संतान जो कुछ समय पहले ही लड़का से लड़की बनी अनाया बांगर ने आईसीसी और बीसीसीआई से ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों का समर्थन करने की अपील की है। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि वैज्ञानिक रूप से वह महिला क्रिकेट खेलने के योग्य हैं। बता दें कि, अनाया बांगर का पूर्व नाम आर्यन बांगर था जिन्होंने हार्मोन रिप्लेसमेंट थिरेपी से गुजरकर लड़का से लड़की बन चुकी हैं।

अभी ट्रांसजेंडर क्रिकेटरों को महिला क्रिकेट में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं है। अनाया बांगर ने 8 पेज की साइंटिफिक रिपोर्ट को शेयर करते हुए ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला क्रिकेट में खेलने की पुरजोर वकालत की है। एक तरह से उन्होंने ये बहस छेड़ने की कोशिश की है कि क्या ट्रांसजेंडर्स को महिला क्रिकेट खेलने के योग्य माना जा सकता है।

# राजधानी

## आर.जी.एच.एस. में मरीजों के लिए बनेगा पेशेंट फ्रेंडली सिस्टम

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (आरजीएचएस) अब और अधिक मजबूत और पारदर्शी बनने की दिशा में अग्रसर है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में योजना की गहन समीक्षा की और कई अहम निर्देश दिए। मंत्री ने साफ कहा कि योजना को पेशेंट फ्रेण्डली बनाया जाए और तकनीकी रूप से इतना सशक्त किया जाए कि किसी भी स्तर पर गड़बडी की कोई गुंजाइश न बचे। उन्होंने चेताया कि यदि इसके बावजूद भी किसी स्तर पर अनियमितता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों की जीवन रक्षा से जुडी योजना में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री खींवसर ने अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और सुगमता लाने के निर्देश दिए। अस्पतालों और फार्मेसी स्टोर्स के एम्पेनलमेंट, क्लेम प्रक्रिया, और मरीजों के रजिस्ट्रेशन से लेकर टीआईडी जनरेशन और उपचार एप्रूवल तक सभी प्रक्रियाओं को और प्रभावी बनाने की बात कही गई। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की बेस्ट प्रैक्टिसेज को आरजीएचएस में लागू करने पर भी जोर दिया। बैठक में योजना के अंतर्गत एक ग्रिवांस रिडरेसल सिस्टम विकसित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही योजना पोर्टल पर फीडबैक ऑप्शन भी जोड़ा जाएगा, जिससे लाभार्थी अपनी समस्याएं सीधे दर्ज कर सकेंगे और उनका त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।



**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में योजना की समीक्षा की।**

प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि योजना को फुल प्रूफ सिस्टम के तौर पर विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पेपर लीक प्रकरण में आरपीएससी से पूर्व सदस्य कटारा के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति पेश

- **अदालत में आरोपी के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी करने वाले कार्मिक विभाग के अधिकारी को भी अभियोजन पक्ष का गवाह बनाने की अनुमति मांगा**

**जयपुर।** द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में गुरुवार को एसओजी की ओर से ईडी मामलों की विशेष अदालत में आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की प्रति पेश की गई है। एसओजी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएस चौहान की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर आरोपी के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी करने वाले कार्मिक विभाग के अधिकारी को भी अभियोजन पक्ष का गवाह बनाने की अनुमति मांगी। अदालत मामले में तीस जून को सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि 24 दिसंबर, 2022 को उदयपुर के बेकरिया थाना पुलिस ने परीक्षा पूर्व चलती बस से 49 अभ्यर्थियों को पेपर हल करते पकडा था। मामले में जांच एजेंसी ने माना की आरपीएससी के तत्कालीन चेयरमैन ने कटारा को पेपर और उत्तर कुंजी तैयार करने का दायित्व दिया था। वहीं कटारा ने प्रश्न पत्र घर लाकर उसकी रजिस्टर में नकल उतारी थी। वहीं प्रकरण में अन्य आरोपियों ने भी मिलीभगत कर पेपर को अगली कडी तक पहुंचाया था। जांच एजेंसी को जांच के दौरान बाबूलाल कटारा के घर से करीब 51 लाख रुपए की नकदी सहित करीब आधा किलोग्राम सोने के आभूषण भी बरामद मिले थे।

## 1200 मोजम्बिक विकलांगों को जयपुर फुट लगाया जायेगा

**जयपुर।** दक्षिण पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक की राजधानी मोपूता में विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की 50 दिवसीय विशेष शिविर लगाकर 1200 मोजम्बिक विकलांगों को लाभान्वित किया जाएगा। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस शिविर का विधिवत उद्घाटन 24 जून को विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवद्धन सिंह करेंगे।

इस अवसर पर मोजाम्बिक में भारत के उच्चायुक्त राबर्ट शेटकिनटांग और बी.एम.वी.एस.एस. के अध्यक्ष सतीश मेहता भी उपस्थित रहेंगे।

## जेडीए ट्रिब्यूनल ने रेफरेंस याचिका खारिज की

- **जेडीए की तीन आवासीय योजनाओं में वकीलों को आरक्षण से इनकार**

**जयपुर।** जेडीए अपीलीय अधिकरण ने जेडीए की तीन आवासीय योजनाओं गंगा विहार, यमुना विहार व सरस्वती विहार में वकीलों को 5 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने का आग्रह करने वाली रेफरेंस याचिका को खारिज कर दिया। अधिकरण ने कहा कि यह रेफरेंस याचिका पूरे अधिवक्ता समुदाय के लाभ व हित के लिए दायर हुई है और इसमें वकीलों के लिए आवास नीति को लागू करने का आग्रह किया है। ऐसे में यह याचिका जनहित याचिका की श्रेणी में है। इसलिए रेफरेंस याचिका को जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता और ना ही अधिकरण को इसकी सुनवाई का ही क्षेत्राधिकार है। पीठासीन अधिकारी राजेश जैन ने यह आदेश गुरुवार को चन्द्रहास सिंह की रेफरेंस याचिका खारिज करते हुए दिया।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता साकेत पारीक ने कहा कि राज्य सरकार की आवास नीति-2013 के तहत वकीलों को भी आरक्षण का लाभ देने के लिए कहा था। लेकिन जेडीए ने 2013 के बाद की किसी भी आवासीय योजना में वकीलों के लिए 5 फीसदी भूखंड आरक्षित नहीं रखे हैं। इसलिए राज्य सरकार से 2013 की नीति की क्रियांविति करवाई जाए और इन तीनों आवासीय योजनाओं में भी वकीलों के लिए भूखंड आरक्षित किए जाएं।

## 'बजट घोषणा में स्वीकृत हैंडपंप व नलकूप निर्माण के कार्य जल्द पूरा करें'

**जयपुर ।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत ने कहा कि बजट घोषणा 2024-25 और 2025-26 के तहत स्वीकृत हैंडपंप और नलकूप निर्माण से संबंधित कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि बजट में घोषित सभी परियोजनाओं को भी निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंताओं के साथ बजट घोषणा, अमृत 2.0, अवैध जल कनेक्शन सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 के तहत स्वीकृत हैण्डपम्प निर्माण में दौसा जिले की शून्य प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन कार्यों की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। उनका निर्माण कार्य शीघ्र किया जाए साथ ही मुख्यालय स्तर से इन कार्यों की नियमित रूप मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

# रणथंभौर की प्रसिद्ध बाघिन एरोहेड की मौत

- **उधर शावक हुए शिफ्ट, इधर माँ ने कहा अलविदा**

**सवाईमाधोपुर।** रणथंभौर में गुरुवार का दिन पर्यटकों के लिए दु:खद रहा। गुरुवार दोपहर जोगी महल के पास रणथंभौर की प्रसिद्ध बाघिन टी-84 एरोहेड की मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही बाघिन ने जोगी महल के पास पानी में मगरमछ का शिकार किया था। एरोहेड को ट्यूमर की बीमारी थीं जिसका इलाज भी चल रहा था। कुछ माह पहले मेडिकल टीम ने इसका इलाज किया और देख रेख की जा रही थी। इसकी मादा शावक कनकटी को आज ही मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किया गया था। उसके कुछ घंटे बाद ही बाघिन की मौत की सूचना आई।



**राजबाग पर हुआ पोस्टमार्टम :** वन विभाग की ओर से नाका राजबाग पर बाघिन ऐरोहेड का गुरूवार शाम को पोस्टमार्टम किया गया। यहां पर कुछ पांच सितारा होटल के पर्यटकों को बाघिन के अंतिम संस्कार में अनुमति दी गई थी। इस दौरान मेडिकल बोर्ड ने बाघिन का पोस्टमार्टम किया । पोस्टमार्टम के दौरान यहां वन विभाग की संवेदनहीनता सामने आई। पर्यटक पोस्टमार्टम के खुलेआम वीडियो बनाते हुए दिखाई दिए।

इस वाकया को मीडिया ने अपने कैमरे में कैद कर लिया तो रणथम्भौर के सीसीएफ अनूप के. आर. ने पर्यटकों से वीडियो नहीं बनाने की हिदायद की । जिसके बाद पर्यटकों ने अपने प्रोफेशनल कैमरे बंद किए । बाघिन के अंतिम संस्कार से पहले वन्यजीव प्रेमियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । इस दौरान रणथम्भौर नेचर गाइड एसोसिएशन अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सहित कई वन्यजीव प्रेमियों ने बाघिन को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है बाघिन टी-84 ऐरोहेड की उम्र करीब 11 साल थी। बाघिन ने आखरी बार साल 2023 में तीन शावकों को जन्म दिया था। जिन्हें वन विभाग की ओर से हाल ही में रणथम्भौर से बाहर भेजा गया है।

## अंता-बारां विधानसभा सीट पर उप चुनाव होंगे

**जयपुर।** बारां जिले की अंता - बारां विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन विभाग ने भारत निर्वाचन आयोग को अनुशंसा भेज दी है। अब आयोग तय करेगा उपचुनाव कब कराए जाएं। इसी के साथ राज्य निर्वाचन विभाग ने चुनाव की तैयारियां शुरू करते हुए जिले में के पहले फेज की चेकिंग भी पूरी कर ली है।

भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा को अयोग्य करार देने के बाद यह सीट खाली हुई थी। कंवरलाल मीणा को 2005 में उपसरपंच चुनाव के दौरान एक अधिकारी पर पिस्तौल तानने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट में अपील खारिज होने के बाद मीणा ने स्थानीय मनोहर थाना कोर्ट में सरेंडर किया था।

हालांकि इस मामले में राज्यपाल के यहां बचाव की कोशिश की गई थी,लेकिन वहां से राहत नहीं मिली थी। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उनकी सदस्यता समाप्त कर दी थी। यह कार्रवाई जनप्रतिनिधित्व जनता अधिनियम ( , 1951) की धारा 8 (3) के तहत थी, जो दो साल या उससे अधिक की सजा पर स्वत: अयोग्यता लागू करती है।

# डॉ. अशोक गुप्ता यूरोपीय अकादमी के पीओसी बोर्ड में नामित

- **बाल चिकित्सा के क्षेत्र में प्रसिद्ध डॉक्टर गुप्ता इस 7 सदस्यीय बोर्ड में एकमात्र गैर-यूरोपीय व्यक्ति हैं**

**जयपुर।** बाल चिकित्सा के क्षेत्र में प्रसिद्ध चिकित्सा पेशेवर और विचार नेता डॉ. अशोक गुप्ता को यूरोपीय अकादमी के पीओसी बोर्ड में नामित किया गया है। वे सात सदस्यीय बोर्ड में एकमात्र गैर-यूरोपीय हैं और वे वहां पहुंचने वाले पहले भारतीय हैं। यह नामांकन दो साल के लिए है। यह समिति नैदानिक परीक्षणों में रोगी सुरक्षा और रोगियों को उचित और इष्टतम उपचार की सुविधा प्रदान करने पर केंद्रित है।

यह विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोडेन जैसे वैश्विक संगठनों के सलाहकार के रूप में भी कार्य करता है। यूरोपीय एलर्जी और इम्यूनोलॉजी अकादमी जिसका मुख्यालय ज्यूरिख में स्थित है,स्विट्ज़रलैंडइसमें 124 देश और 50 राष्ट्रीय समाज शामिल हैं। यूरोपीय अकादमी ने भी नामांकन किया है।




गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जयपुर के डीन एवं प्रिंसिपल डॉ. अशोक गुप्ता को 13-16 जून, 2025 तक ग्लासगो, स्कॉटलैंड में आयोजित वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करने के लिए संस्थान द्वारा आमंत्रित किया गया था।

8 हजार से अधिक प्रतिभागियों की उपस्थिति वाली इस बैठक में पर्यावरण परिवर्तन के प्रभाव और एलर्जी की बढ़ती घटनाओं पर इसके प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. अशोक गुप्ता ने भारतीय परिदृश्य प्रस्तुत किया और भारत में एटोपिक डर्माटाइटिस, अस्थमा सहित श्वसन एलर्जी और खाद्य एलर्जी के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अन्य कारणों के अलावा जीवनशैली में बदलाव, विशेषकर पैकेज्ड खाद्य पदार्थों का उपयोग, तथा अपर्याप्त बाहरी गतिविधियां भी इस मामले में वृद्धि का कारण बन रही है।

# प्रदेश में जुलाई में आयोजित होगा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने विभागवार भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा कर शीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिये

जयपुर, 19 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना के तहत भर्तियां आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि कैलेण्डर के अनुसार भर्ती परीक्षा आयोजित कर युवाओं को समयबद्ध रूप से नियुक्तियां दी जा रही हैं।

■ **मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सभी विभागों में भर्ती परीक्षा कैलेण्डर के अनुसार, आयोजित कर युवाओं को समयबद्ध रूप से रोज़गार उत्सव के तहत नियुक्तियाँ दी जा रही हैं।**

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव (जुलाई-2025) की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के आयोजन की तैयारियों के लिए निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार लंबित भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए, विभागीय अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान करने से पूर्व शेष प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में युवाओं के लिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से जोड़ने के भी निर्देश दिए, जिससे पात्र युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के तहत प्रदेश के 67 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं त्वरित गति से विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव (जुलाई-2025) की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।*

## राहुल गांधी अपने जन्म दिन की पूर्व संध्या को ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

रोज़गार मेला में भी शामिल हुए, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा, जिनके शासन में बेहिसाब बेरोज़गारी बढ़ी है इसके साथ ही फिल्म फुले की एक विशेष स्क्रीनिंग भी हुई, जिसमें भी सचिन पायलट मौजूद थे, जबकि कई वरिष्ठ नेता या तो जानबूझकर या किसी रणनीति के तहत अनुपस्थित रहे।

राहुल गांधी आज सुबह अपनी माँ सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दिलाकर घर लेकर आए। इसके अलावा, उन्होंने अपने नए सुनहरी बाग स्थित आवास में गृह प्रवेश भी किया, जहाँ अब वे रहेंगे-जबकि अब तक वे 10 जनपथ में रहते थे।

राहुल गांधी ने एआईसीसी में केक काटने ढोल बजाने आदि के लिए मना कर दिया था, क्योंकि वे अपना जन्मदिन सादगी से मनाना चाहते थे। रोचक बात यह रही कि उनकी बहन प्रियंका गांधी ने हर साल की तरह इस बार राहुल को ट्वीट कर जन्मदिन की शुभकामनाएँ नहीं दीं।

■ **राहुल गांधी विदेश यात्रा से लौटते ही अपनी माँ सोनिया गांधी को गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दिलाकर घर ले आये। राहुल गांधी ने अपने नये निवास, सुनहरी बाग पर स्थित बंगले में भी जन्म दिन, गृह प्रवेश की विधिवत् पूजा कर शिफ्ट किया।**

इससे एआईसीसी में चर्चा और आशंका का माहौल है, क्योंकि कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार प्रियंका गांधी अपने भाई से नाराज़ हैं, और उन नेताओं से भी असंतुष्ट हैं जो फिलहाल राहुल के आस-पास मौजूद है

राहुल गांधी ने सभी को धन्यवाद देते हुए एक ट्वीट जरूर किया।

## करोना के एक्टिव केस 6,000 से नीचे पहुँचे

नयी दिल्ली, 19 जून। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान करोना संक्रमित 1219 मरीजों के स्वस्थ होने के साथ ही, गुरुवार को इस वायरस से निजात पाने वालों की संख्या 17164 तक पहुंच गयी और कुल सक्रिय मामलों की संख्या 5976 रह गयी है। इस अवधि में तीन और मरीजों की मौत से मृतकों की संख्या बढ़ कर 116 पहुंच गयी।




# ट्रंप बार-बार भारत-पाक युद्ध बंद करवाने...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

विशेषकर राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा-पार आतंकवाद के मामलों में, को बार-बार दोहराया है। ट्रंप का यह कहना कि उन्होंने युद्ध रोका, न सिर्फ भारत के दावे को नकारता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि भारत के पास बिना अमेरिकी हस्तक्षेप के बिना तनाव टालने की क्षमता नहीं है।

दूसरे, ट्रंप की यह टिप्पणी भारत की उस दीर्घकालिक नीति को फिर से चर्चा में ला देती है कि वह कश्मीर या भारत-पाक मामलों में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता का विरोध करता रहा है। भारत ने बार-बार 1972 के शिमला समझौते का हवाला देते हुए बाहरी हस्तक्षेप को खारिज किया है। ट्रंप का यह दावा, चाहे घरेलू राजनीति के लिए ही क्यों न किया गया हो, भारत की कमज़ोर नस को छूता है और एक स्थापित कूटनीतिक सिद्धांत को विकृत करता है

तीसरा, इसमें घरेलू राजनीति का भी आयाम है। मोदी की राष्ट्रीय सुरक्षा पर दृढ़ स्थिति उनकी राजनीतिक छवि का एक मुख्य स्तंभ है। यदि यह धारणा बनती है कि भारत दबाव में पीछे हटा या अमेरिका को हस्तक्षेप करना पड़ा, तो इससे सरकार की निर्णायक और स्वतंत्र नेतृत्व की छवि को नुकसान पहुँच सकता है।

■ **मोदी विनम्रता से ट्रंप के टेलीफोन कॉल्स को स्वीकार करके, कूटनीतिक सद्व्यवहार से बात तो जरूर करते हैं, पर, मोदी किसी भी कीमत पर भारत की सार्वभौमिकता को दिए जाने वाले आघात को स्वीकार नहीं करेंगे।**

■ **दोनों देश, भारत व अमेरिका, अपने-अपने विवरण को सच के रूप में स्थापित करना चाहते हैं और जिसकी कहानी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार होती है। वह ही सबसे ज्यादा अहमियत रखता है, क्या वाकई में तथ्य है, नहीं।**

ट्रंप की टिप्पणियाँ अमेरिका की ग्लोबल साउथ में अपना प्रभाव खोने की चिंता भी दर्शाती हैं। भारत रूस, खाड़ी देशों और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के साथ संबंध मजबूत कर रहा है। वॉशिंगटन अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए उत्कुक है। इसलिए ट्रंप का शांति स्थापना का दावा करना, उस प्रभाव को फिर से स्थापित करने का एक प्रयास है, भले ही यह दावा जमीन पर तथ्यों से यह मेल न खाता हो।

इस प्रकार, ट्रंप का, भारत की रणनीतिक पसंद को स्वीकार किए बिना, यह कहना कि उन्होंने "एक युद्ध रोका, केवल एक शब्दजाल नहीं है, यह गहरी विसंगति को उजागर करता है कि दोनों देश कूटनीति, श्रेय और संप्रभुता को एकदम अगल तरह से देखते हैं। हालाँकि मोदी ट्रंप की कॉल्स को शिष्टता से स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन नई दिल्ली उन नैरेटिव्स को लेकर सतर्क है, जो उसकी भूमिका को कमज़ोर दिखाते हैं। तनाव केवल तथ्यों पर नहीं है, बल्कि इस बात पर है कि किसकी कहानी सही है और भू-राजनीति में, यह बात नतीजे जितनी ही महत्वपूर्ण है।




राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर ( राजस्थान ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908